


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 30 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-123 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस बेपटरी,2की मौत

**रायपुर,30 जुलाई।** झारखंड के चक्रधरपुर के बड़ाबंबो रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को रेल हादसा हो गया। हावड़ा से मुंबई जा रही ट्रेन नंबर 12810 हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। इस रेल हादसे में अभी तक दो यात्रियों की मौत की खबर सामने आई है,



जबकि 6 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 5 को मामूली चोटें आईं हैं। इस रेल हादसे के इस रूट से छत्तीसगढ़ होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट, रद या डायवर्ट किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में भी कांवड़ियों का जमकर हंगामा

**बिलासपुर,30 जुलाई।** बिलासपुर जोनल स्टेशन में 80 कांवडियों ने जमकर हंगामा मचाया। दरअसल उन्होंने एक ही कोच में रिजर्वेशन कराया था। लेकिन, जिस कोच में उनका आरक्षण था, उसका एसी बिगड़ गया। ऐसी स्थिति में रेलवे ने दूसरा कोच जोड़ा। इस दौरान सभी के कोच अलग- थलग हो गए। इससे वे नाराज हुए और एक ही कोच में बर्थ की मांग को लेकर दुर्ग, रायपुर, भाटापारा और अंत में बिलासपुर पहुंचने के बाद हंगामा मचाने लगे। उन्होंने जोनल स्टेशन में तीन से चार बार चेन पुलिंग की। बाद में आश्वासन मिलने के बाद उनका गुस्सा शांत हुआ। इस दौरान एक घंटे तक ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन में खड़ी रही। ट्रेन सोमवार को सुबह 9.55 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर आकर खड़ी हुई। तय समय तक ठहराव के बाद ट्रेन रवाना हुई तो चेन पुलिंग हुई और ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी हो गई। तीन से चार बार चेन पुलिंग होने के बाद जीआरपी, आरपीएफ व रेलवे के अन्य स्टाफ पहुंचे। उस समय बड़ी संख्या में कांवडियां नीचे उतरे हुए थे। उनसे जब पूछताछ की गई, तब उन्होंने बताया कि इस ट्रेन के एसी -3 कोच में दुर्ग से 80 कांवड़ियों एक साथ रिजर्वेशन था। लेकिन, जब चार्ट तैयार हुआ तो उन्हें अलग-अलग कोच की बर्थ दी गई। वह इससे नाराज हुए और दुर्ग रेलवे स्टेशन में ही एक साथ सभी कांवड़ियों की बर्थ एक ही कोच में करने की मांग की गई। लेकिन, उन्हें बर्थ नहीं दी गई। इसलिए पहले दुर्ग में हंगामा मचाया। इस पर रायपुर में व्यवस्था होने का आश्वासन दिया गया।

### राज्य में सड़कों की खराब हालत पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा हलफनामा

**बिलासपुर,30 जुलाई।** राज्य में सड़कों की खस्ता हालत को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शासन से शपथ पत्र पर यह जवाब मांगा है कि कहां-कहां सड़कों पर क्या काम हो रहा है और कब तक उसे पूरा किया जा सकेगा। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई में सोमवार को सड़कों के मामले में शासन ने बताया कि रायपुर ब्लॉक के धनेली में विधानसभा-एयरपोर्ट रोड का लेवल वर्क ऑर्डर हो चुका है और इस भाग में अब करीब 8 माह में काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही बिलासपुर के सेंदरी चौक के मामले में बताया कि यहां भूमि अधिग्रहण के बाद काम शुरू हो जाएगा और अभी जमीन का अधिग्रहण लगभग पूर्ण हो गया है। शासन के इन सब जवाबों के बाद डिवीजन बेंच ने कहा कि इस तरह बताने की बजाय शपथ पत्र पर यह जानकारी दी जाए कि शासन प्रदेश में सड़कों पर काम कब तक पूरा करेगा और क्या-क्या काम हो चुके हैं। शासन को जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है और दो हफ्ते बाद ही अगली सुनवाई तय की गई है। पूर्व में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इस मामले में सेंदरी बाईपास के पास पिछले आदेश के अनुसार पीडब्ल्यूडी एसडीओ बिलासपुर को भूमि अधिग्रहण के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।




मनु भाकर ने रचा इतिहास

## मनु-सरबजोत ने दिलाया भारत को दूसरा मेडल

**नई दिल्ली,30 जुलाई।** भारत की मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने कमाल कर दिया है। इन दोनों एथलीट्स ने कोरियाई जोड़ी को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले मनु भाकर ने इसी इवेंट की महिला सिंगल स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसके साथ ही वह आजादी के बाद एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बन गई है। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत की मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने कमला कर दिया है। इन दोनों एथलीट्स ने कोरियाई जोड़ी को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले मनु भाकर ने इसी इवेंट की महिला सिंगल स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसके साथ ही वह आजादी के बाद एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बन गई है।

दरअसल, मनु भाकर स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई, जिन्होंने सरबजोत सिंह के साथ पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में कोरिया को हराकर इतिहास रच दिया. भारतीय जोड़ी ने कोरिया को 16-10 से हराकर देश को इस ओलंपिक में दूसरा पदक दिलाया.

इससे पहले मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीता था. ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 ओलंपिक में 200 मीटर फर्राटा और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे लेकिन वह उपलब्धि आजादी से पहले की थी.

## मेरे तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत : मोदी

**नई दिल्ली,30 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन में 'जर्नी टूवार्ड्स विकसित भारतः ए पोस्ट यूनियन बजट 2024-25 कॉन्फ्रेंस' के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि महामारी के दौरान, हम चर्चाएँ करते थे और उन चर्चाओं का केंद्र बिंदु 'विकास को वापस पाना' होता था। मैंने तब कहा था कि भारत बहुत जल्द विकास की राह पर दौड़ेगा। आज भारत 8% की रफ़्तार से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम 'विकसित भारत की ओर यात्रा' पर चर्चा कर रहे हैं। ये बदलाव सिर्फ भावनाओं का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का है। आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही यह तीसरी हो जाएगी। मोदी ने कहा कि पूंजीगत व्यय को संसाधन निवेश का सबसे बड़ा उत्पादक माध्यम कहा जाता है। 2004 में यूपीए सरकार के पहले बजट में पूंजीगत व्यय करीब 90,000 करोड़ रुपये था। यह बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये हो गया. उन्होंने कहा कि मैं जिस बिरादरी से आता हूं, उस बिरादरी की पहचान बन गई है कि चुनाव से पहले जो बाते करते हैं, वो चुनाव के बाद भुला देते हैं, लेकिन मैं उस बिरादरी में अपवाद हूं। इसलिए मैं आपको याद दिलाता हूं कि मैंने कहा था कि मेरे तीसरे टर्म में देश, दुनिया की तीसरी



सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में, जब पिछली सरकार का आखिरी बजट आया था, वो 16 लाख करोड़ का था। आज हमारी सरकार में बजट तीन गुना बढ़कर 48 लाख करोड़ पहुंच गया है।



## वायनाड में भूस्खलन,70 की मौत

**नई दिल्ली,30 जुलाई।** केरल के वायनाड में भारी बारिश के चलते मंगलवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। तीन जगहों पर भूस्खलन के चलते अब तक 70 लोगों की मौत की खबर है। इसके अलावा करीब 100 लोग घायल हैं, जिन्हें निकाला गया है। इन भूस्खलनों की वजह बीते 2-3 दिनों से जारी भारी बारिश है। इतनी भारी मात्रा में अचानक हुई बारिश से मिट्टी कटती चली गई और फिर इतना बड़ा हादसा ढाई बजे रात को हुआ, जिसका किसी को अंदाजा नहीं था। अब इस हादसे के कारणों का एक्सपर्ट पता लगा रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि वायनाड के जिस मेप्पादी इलाके में लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं, वहां बड़े पैमाने पर मिट्टी का क्षरण बीते कुछ सालों में हुआ है। इसके चलते यह हादसा हुआ है और अचानक मिट्टी खिसक गई। दरअसल बीते कुछ सालों में इस इलाके से पेड़ों को बड़े पैमाने पर काटा गया है। इस वन क्षेत्र में बड़े वृक्षों को काटकर फसलें उगाने की कोशिशें हुई हैं। इसके चलते मिट्टी का क्षरण तेजी से हुआ है और लैंडस्लाइड जैसी घटना हो गई। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि भले ही कई दिनों से चल रही भारी बारिश के चलते भूस्खलन हुआ है, लेकिन ऐसे हादसों की भूमिका लंबे समय में हुए मिट्टी के क्षरण से ही तैयार हुई थी।

मौसम वैज्ञानिक और भूगर्भ विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम. राजीवन ने कहा, बीते दो से तीन दिनों से मध्य और उत्तर केरल में बारिश हो रही है। लेकिन इस बारिश से ही ऐसा नहीं हुआ है। लगातार चल रही बारिश से मिट्टी ढीली हो गई थी। जब मिट्टी में नमी हद से ज्यादा होती है और नीचे तक ऐसी स्थिति बन जाती है तो उसके दरकने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक बात यह भी सही है कि इंसानों के दखल ने भी ऐसी आपदा को बढ़ा दिया है। राजीवन ने कहा, इन इलाकों में वन क्षेत्र बहुत अधिक था। लेकिन अब यहां फसलें लगाई जा रही हैं, जिन्हें लोग आर्थिक लिहाज से बेहतर मानते हैं। उन्होंने कहा कि यहां से बड़े पैमाने पर वृक्षों को काटा गया है। यहां के स्थानीय प्रजाति के ये वृक्ष मिट्टी के क्षरण को रोकते थे, लेकिन अब धरती पर उनके न रहने से मिट्टी का कटाव तेज हुआ है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच करने की जरूरत है। वहीं एक अन्य मौसम वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कॉल ने कहा कि वायनाड के भूस्खलन के कारण तत्काल गिनाना मुश्किल है, लेकिन अब तक जो हमें पता चला है उसकी एक वजह चंद पलों में ही भारी बारिश होना है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेंड बढ़ा है, जब अचानक बहुत ज्यादा बारिश हो रही है।

### पीएम मोदी ने सीएम को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया

पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इस हादसे पर सीएम पिनराई विजयन से बात की है। पीएम मोदी ने सीएम को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया।

## पत्नी की इच्छा पूर्ति के लिए किसान ने बना दिया बालाजी का मंदिर

**भोपालपटनम,30 जुलाई**

भोपालपटनम पटेल पारा निवासी किसान दिलीप कोरम ने अपनी पत्नी की इच्छापूर्ति के लिए गांव में ही बालाजी का मंदिर बना डाला है। इस संबंध में दिलीप कोरम ने बताया कि उसकी पत्नी को बचपन से ही तिरूपति बालाजी भगवान के दर्शन होते रहे हैं। विवाह के बाद उसके दिल में आया कि पत्नी पर बालाजी भगवान का आशीर्वाद है तो क्यों ना यहां बालाजी मंदिर की स्थापना की जाये। इससे क्षेत्र के लोगों की मनोकामना भी पूरी होगी और लोग धार्मिक भावना से जुड़े रहेंगे। ये सोचकर दिलीप ने मंदिर बनाने का निर्णय लिया। इसी दौरान भोपालपटनम दौरे पर आये विधायक विक्रम मंडावी से मुलाकात की और अपनी इच्छा जाहिर करते हुए मंदिर बनाने की बात कही। इस पर विक्रम मंडावी ने अपने मद से मंदिर निर्माण के लिए पांच लाख रुपए सहयोग राशि प्रदान किया। इसके बाद जन सहयोग से मंदिर का निर्माण पूरा किया। अब दिलीप मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए तिरूपति बालाजी से मूर्ति लाकर भव्य रूप से मूर्ति की स्थापना करने की तैयारी कर रहा है। उनका ये भी कहना है कि मूर्ति स्थापित होने के साथ ही इस मंदिर में हर किसी की सहभागिता रहेगी मंदिर के द्वार हर किसी के लिए खुले रहेंगे। यहां मंदिर स्थापना के बाद क्षेत्र में खुशहाली आयेगी और श्रद्धालु भक्त जन धार्मिक भावना से जुड़कर बुराईयों से बचेंगे दिलीप के इस पुनीत कार्य से भोपालपटनम क्षेत्र मे उसकी बहुत प्रंशसा हो रही है। मूर्ति स्थापना के लिए सभी का सहयोग उसे मिल रहा है।



## योगी सरकार ने लाया लव जिहाद पर नया बिल

### उम्रकैद तक की सजा

**लखनऊ,30 जुलाई।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार राज्य में लव जिहाद के खिलाफ नया कानून बनाने की तैयारी में है। 2020 में बने कानून में संशोधन के लिए बिल लाया गया है, जिस पर मंगलवार को सदन में चर्चा हो सकती है। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक-2024 को सोमवार को सदन में पेश किया गया था। अब इस पर चर्चा की तैयारी है। संशोधित बिल में प्रावधान है कि लव जिहाद का आरोप सही साबित होने पर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। खबर है कि इस संशोधन विधेयक को 2 अगस्त को ध्वनिमत से पारित किया जा सकता है। भाजपा से जुड़े सूत्रों ने कहा कि सरकार ने इस कानून का दायरा इसलिए बढ़ाया है क्योंकि 2020 में बने नियम का ज्यादा असर नहीं दिख रहा है। ऐसे में इसके तहत कई चीजों को शामिल किया गया है और सजा भी बढ़ाई गई है। इसके तहत अब उम्रकैद की सजा होगी, जबकि पहले कानून में 10 साल की सजा का प्रावधान था। वहीं सिर्फ शादी के लिए धर्म परिवर्तन कराना अवैध माना जाएगा। वहीं झूठ बोलकर या फिर धोखा देकर धर्म परिवर्तन कराने को अपराध माना जाएगा। ऐसा होने पर आरोपियों के खिलाफ इसी कानून के तहत मुकदमा चलेगा। यदि कोई अपने मन से ही धर्म बदलना चाहता है तो फिर मजिस्ट्रेट को इसकी जानकारी दो महीने पहले देनी होगी। धोखाधड़ी से धर्मपरिवर्तन कराने पर 15 हजार रुपये तक के फाइन और 1 से 5 साल तक कैद का प्रावधान होगा। यदि एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं और नाबालिगों का धर्म परिवर्तन कराया जाता है तो 3 से 10 साल तक की कैद हो सकती है।

### जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में ब्लास्ट, 4 लोगों की मौत

**श्रीनगर ,30 जुलाई।** बारामुला जिले के सोपोर इलाके में ब्लास्ट होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार इस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई है। ब्लास्ट में मरने वाले में दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं एक अन्य घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार एक स्क्रैप डीलर ट्रक से सामान उतार रहा था। तभी अचानक से ब्लास्ट हो गया। मौके पर ही दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कम नहीं हो रही पूजा खेडकर की मुश्किलें, केंद्र ने भेजा नोटिस

**मुंबई,30 जुलाई।** ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर पर लगे जालसाजी के एक के बाद एक आरोपों के बाद उनके लिए एक नई परेशानी खड़ी हो गई है। केंद्र सरकार के मानव संसाधन का ब्योरा रखने वाले कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग यानी डीओपीटी ने पूजा खेडकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उनसे 2 अगस्त तक उनके खिलाफ लगे आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। इस मामले से जुड़े डीओपीटी अधिकारियों ने बताया, विभिन्न एजेंसियों के पूछताछ के बाद 26 जुलाई को ईमेल के साथ-साथ उनके पते पर भी कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। खेडकर को नोटिस का जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। वहीं एक अधिकारी ने कहा, प्रक्रिया के अनुसार नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है। वह डीओपीटी के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश हो कर या लिखित जवाब भेज सकती हैं। अधिकारी ने कहा कि यह पूजा खेडकर पर निर्भर करता है कि वह नोटिस का जवाब कैसे देती हैं।



### निवर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को विदाई

**रायपुर, 30 जुलाई।** निवर्तमान राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन को आज राजभवन में भावभीनी विदाई दी गई। वे आज भुवनेश्वर (ओड़िशा) के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन भी उपस्थित थी। राज्यपाल के प्रस्थान से पूर्व उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की और आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से आप सभी लोग सदैव समृद्ध और सुखी रहें।

### ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 : पेरिस, कुश्ती में उलटफेर की संभावना

jasclaudius@gmail.com

## महिला पहलवानों से नये कीर्तिमान की आशा

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

एथलेटिक्स के पश्चात कुश्ती एक ऐसा खेल है जिसमें भारतीय पहलवानों ने आधुनिक ओलंपिक खेलों में कई बार भाग लिया है। हालांकि 20वीं सदी में 1952 हेलसिंकी के ओलंपिक खेलों में पहली बार व्यक्तिगत कांस्य पदक पहलवान केडी जाधव ने जीता। यह गर्व की बात है कि कम सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद भारतीय पहलवान जाधव ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के 1896 से आरंभ होने के बाद अब तक भारतीय पहलवानों में सबसे पहले दिनकाराव शिंदे ने फीदरवेट वर्ग में जबकि कुमार नवाले ने मिडिलवेट वर्ग में 1920 के एंटवर्प में भाग लिया। लेकिन उसके 32 वर्षों के अंतराल बाद 6 पहलवानों ने 1948 में लंदन ओलंपिक खेलों में भाग लेने की पात्रता हासिल की। 1952 हेलसिंकी में 4 पहलवानों ने, 1956 मेलबोर्न में 7, 1964 में 8 पहलवानों ने फ्रीस्टाईल में अपना दावा पेश किया। 1964 भारतीय कुश्ती जगत में एक बड़ी उपलब्धि लेकर आया। अब तक ओलंपिक खेलों में सिर्फ फ्रीस्टाईल वर्ग में भारतीय पहलवान ताल ठोकते थे परंतु 1964 में पहली बार हमारे पांच पहलवानों ने ग्रीको रोमन स्टाईल कुश्ती में भाग लिया।

1968 मे फ्रीस्टाईल में चार, ग्रीकोरोमन में एक पहलवाने ने भाग लिया। 1972 में8 ने, 1980 में 6, 1984 में 8, 1988 में 7, 1992 में 6, 1996 में सिर्फ एक, 2000 में भी एक, 2004 में 6, पुरुष वर्ग के फ्रीस्टाइल,ग्रीको रोमन में एक पहलवान ने भाग लिया। 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में तीन पहलवान अखाड़े में उतरे उनमें से सुशील कुमार ने कांस्य पदक जीता। 2012 में पुरुष वर्ग के फ्रीस्टाईल इवेंट में चार पहलवानों ने भाग लिया। इसमें से सुशील कुमार ने रजत पदक व योगेश्वर दत्त ने कांस्य जीता वैसे जब से भारतीय कुश्ती में आधुनिक ओलंपिक खेलों में सम्मिलित हुए सभी पुरुष पहलवान थे और पहली बार ओलंपिक खेलों में एक साथ दो पदक किसी एक खेल में याने कुश्ती के खेल में एक साथ दो पदक जीते।

दूसरी तरफ महिला पहलवान गीता फोगाट ने पहली बार भाग लिया। 2016 ओलंपिक में 4 पुरुष, 3 महिला पहलवानों ने भाग लिया। ओलंपिक खेलों के इतिहास में जितना कीर्तिमान कुश्ती में दर्ज किया गया किसी और खेल में नहीं। 2016 में भारत की प्रतिभाशाली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने फ्री स्टाईल वर्ग में भारत के लिए पहली बार कांस्य पदक जीता। 2020 ओलंपिक खेलों में तीन पुरुष, चार महिला पहलवानों ने दावा पेश किया इनमें से रविकुमार दहिया ने रजत पदक के साथ ही बजरंग पूनिया ने कांस्य पदक जीता। 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में एक पुरुष व पांच महिला पहलवान भाग ले रहे हैं।

पुरुष वर्ग में 57 किग्रा वर्ग में अमन सहरावत भाग लेंगे जिन्हें विश्व में 6वीं वरीयता हासिल है। महिला वर्ग में विनेश फोगाट 50 किग्रा वर्ग में, 53 किग्रा वर्ग में विश्व में 6वीं वरीयता प्राप्त अंतिम पंघाल, 57 किग्रा वर्ग में अंशु मलिक 12वीं वरीयता प्राप्त, 68 किग्रा वर्ग में निशा दहिया, 76 किग्रा वर्ग में रितिका हुडा भारत की ओर से भाग ले रहीं हैं। हमारे देश में जिस तरह महिला पहलवानों की संख्या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही है। उसका श्रेय अभिभावकों, प्रशिक्षकों, सरकार, ओलंपिक संघ और साई को जाता है। हमारी महिला पहलवानों को अपने बाउट के दौरान त्वरित निर्णय और नये दांव का इस्तेमाल करना होगा। इसके साथ ही अपनी क्षमता को 100 प्रतिशत दर्शाकर भारत के लिए पदक जीतने में तभी कामयाब होंगी।

## डॉक्टर ने बच्चे का जटिल ऑपरेशन कर बचाई आंखों की रोशनी

**रायपुर,30 जुलाई।** डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, इसकी बानगी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में देखने को मिली है. यहां एक मां अपने बच्चे की आंख की गंभीर बीमारी का इलाज करने वाले डॉक्टर के सेवाभाव से इतनी प्रभावित हुई कि उसने अपने बच्चे का नाम डॉक्टर के नाम पर कर दिया. हम बात कर रहे हैं साईं बाबा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. आशीष महोबिया की, जिन्होंने गरीब परिवार के एक बच्चे की आंख की गंभीर बीमारी का निशुल्क इलाज कर बच्चे के आंख की रोशनी बचाई.



लेजर ट्रीटमेंट जैसे महंगा माने जाने वाले इलाज को निशुल्क कर डॉ. आशीष महोबिया ने गरीब परिवार के दिल में खास जगह बना ली है. बच्चे की मां डॉक्टर आशीष महोबिया की सदाशयता से इतनी प्रभावित हुई कि उसने बच्चे का नाम बदलकर आशीष रख दिया. बलौदाबाजार जिले के रवान गांव में रहने वाले सुनील टोप्पो और धनलक्ष्मी को सन 2016 में पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई. बच्चे का जन्म रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां जांच में पता चला कि उसकी आंखों में कोलोस्टोमी ओपनिंग एंड क्लोजर नामक बीमारी का थर्ड स्टेज है. गरीब मां-बाप के पास इस गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे, इसलिए इन्होंने बच्चे को अस्पताल से डिस्चार्ज कराने का निर्णय लिया. इस बात की जानकारी मिलने पर डॉ. आशीष महोबिया ने बच्चे के माता-पिता से संपर्क कर निशुल्क लेजर ट्रीटमेंट करने का आश्वासन दिया. डॉ. आशीष ने परिजनों को बच्चे की बीमारी की गंभीरता के बारे में बताया और कहा कि बच्चे का तुरंत लेजर के जरिए ऑपरेशन किया जाना आवश्यक है.

डॉक्टर की सलाह पर परिजनों ने बच्चे का लेजर आपरेशन करने पर सहमति जताई और डॉ. आशीष ने सफलतापूर्वक लेजर टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए बच्चे की जटिल बीमारी का ऑपरेशन कर दिया. ऑपरेशन के बाद बच्चे की आंखों की रोशनी बचा ली गई, जिसके बाद परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. बच्चे की मां धनलक्ष्मी डॉ. आशीष के मानवीय रवैये से इतनी प्रभावित हुईं कि उसने कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए बच्चे का नाम आशीष ही रख दिया. आज आशीष 8 साल का हो चुका है और अब उसे किसी तरह की परेशानी नहीं है. पुराने समय को याद कर आज भी आशीष की मां धनलक्ष्मी भावुक हो जाती है और बार-बार डॉ. आशीष के प्रति आभार प्रकट करती है.

एक नजर

### कोयला हेराफेरी, ट्रक मालिक फरार

**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई जामुल स्थित एसीसी कम्पनी में कोयला की हेराफेरी मामले में ट्रक मालिक पुलिस पकड़ से बाहर हैं। टीआई ने उन्हें पकड़ लेने का दावा किया है। पूर्व में पुलिस तीन ट्रक चालकों को पकड़ चुकी है जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि 22 जून को एसीसी सीमेंट कम्पनी प्रबंधक ने एक लिखित शिकायत दर्ज दर्ज करायी थी कि एसीसी कम्पनी में दीपिका खदान से मंगाये जाने वाले कोयले में हेराफेरी की जा रही है। इस दौरान विवेचना में पाया गया कि दीपिका खदान कोरबा से जी 11 ग्रेड के कोयला परिवहन कर एसीसी कम्पनी लाने से पहले रास्ते में तीन ट्रक चालकों द्वारा बदल कर दूसरे खराब क्वालिटी का कोयला कंपनी में लाया जाता था। मुखबीर से सूचना के आधार पर घटना के बाद से फरार आरोपियों लव कुमार साहू, रूपेश कुमार साहू व राजेन्द्र प्रजापति को पकड़कर पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि कोयले को दीपिका खदान से लाते समय बीच रास्ते में सारगांव कोयला डिपो में ट्रक मालिक जगदीश साहू व कैलाश साहू के कहने पर कोयले में हेराफेरी कर अच्छे ग्रेड के कोयले को बदल कर खराब क्वालिटी के कोयले को एसीसी कम्पनी जामुल में पहुंचाया जाता था। वहीं अन्य फरार आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

### केबल चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र केबल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है धमधा टीआई पीडी चंद्रा ने बताया कि धमधा निवासी दिलीप कुमार पटेल ने शिकायत किया था कि खार के खेत में लगे ट्यूबवेल पंप से 10 मीटर केबल चोरी हो गया आसपास पता करने पर केबल की कोई जानकारी नहीं मिल पाई घटना की शिकायत करने पुलिस के पास पहुंचा जहां पुलिस ने 24 घंटे के भीतर केबल चोर चोर में एक आरोपी को गिरफ्तार किया वहीं तीन युवक अब भी फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है पुलिस के पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि गांव के जगजीवन वर्मा, चिन्ता राम वर्मा, दिनबंधु वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा के यहां भी केबल चोरी हुआ है मुखबिर ने सूचना दिया कि गांव के बडे जंगल के पास चार युवक बाइक सीजी 04 सीएक्स 4802 और एक बिना नम्बर के वाहन में केबल तार रखकर जलाकर उससे तांबा निकाल रहे थे। जो पथरिया की ओर फरार हो गए। पुलिस ने टीम बनाकर कर आरोपी सोनू साहू को पहले पकड़ा। सोनू से पूछताछ करने पर बताया कि घटना को शुभम निर्मल, यशवंत यादव, चेतन कुमार ठाकुर के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया।

### गाली गलौज कर मारपीट की

**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई फार्म हाउस में जबरन घूसकर गाली गलौज कर मारपीट करने वालो के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(5), 296, 3(5),351 (2) के तहत कार्रवाई किया है। जामगांव आर पुलिस ने बताया कि ग्राम कानाकोट निवासी तोरण लाल यादव दो वर्षो से नायडू कृषि फार्म में मुंशी का काम करता है कृषि फार्म में रूपेश पटेल के कमरे में रूका था रात 9 बजे हम दोनों खाना खाकर बैठे थे इस दौरान गेट तरफ से खुलने की आवाज सुनकर दोनों बाहर निकलने पर कृषि फार्म में जबरन बिट्टू, जबरन बिट्टू, प्रिंस समेत अन्य लोग घुस गए अज्ञात चार युवकों ने जमकर गाली गलौज कर बिट्टू, प्रिंस प्रिंस डंडा डंडा से मारपीट किया इसके अलावा पीड़ितों को जान से मारने तक की धमकी दी। मारपीट करते समय पीड़ित के जेब से मोबाईल पैसा गिर गया जो सुबह मिल गया है मारपीट में रूपेश पटेल, मानसिंह को शहरी के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है फार्म हाउस के मालिक नाड्यू को फोन कर दी गई डायल 112 को काल कर बुलाने पर रूपेश पटेल, मानसिंह आदि को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए

### शिव पुराण कथा में भीड़ उमड़ रही

**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र जयंती स्टेडियम में आयोजित पं.प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा के आयोजन में भिलाई-दुर्ग सहित अन्य स्थानों से सैकड़ों की भीड़ उमड़ रही है वहीं इस दौरान पुलिस की सक्रियता भी बनी हुई है कार्यक्रम के साथ संदिग्धो पर नजर रखी हुई है इसी सक्रियता की वजह से भिलाई नगर पुलिस ने चेन स्नेचिंग करने वाली तीन से चार महिलाओं को पकड़ा है पुलिस ने बताया कि महिलाएं मध्यप्रदेश कटनी की रहने वाली है आरोपियों से सोने की चेन बरामद किया गया है ।

# कबीरधाम जिले में नए भवन निर्माण, जीर्णोद्धार और उन्नयन से 856 स्कूलों की बदल रही तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 30 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता और भवनों की स्थिति को बेहतर बनाने विशेष जोर दिया जा रहा है। जिले के शासकीय स्कूलों का विशेष प्राथमिकता के साथ मरम्मत एवं जीर्णोद्धार होने से विद्यार्थियों को शिक्षा का बेहतर वातावरण मिल रहा है। कबीरधाम जिले के स्कूलों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 42 करोड़ 19 लाख 88 हजार रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुए है। वर्तमान शिक्षा सत्र में 653 स्कूलों का आवश्कता अनुसार मरम्मत एवं जीर्णोद्धार किया गया है। इसके साथ ही 203 स्कूलों का कार्य प्रगतिरत हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कबीरधाम जिले के स्कूलों का उन्नयन कार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से छात्रों को एक सुरक्षित स्वच्छ और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण भी मिलता है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा इन कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है और इसकी मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। नवीनीकरण कार्यों के तहत स्कूलों में कई नई सुविधाएं जोड़ी गई है। इनमें स्वच्छ पेयजल की सुविधा, शौचालय, कम्प्यूटर शामिल है। ये सुविधाएं न केवल छात्रों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है बल्कि उनकी पढ़ाई में भी सहायता करती है। कबीरधाम जिले में स्कूल शिक्षा मद, समग्र शिक्षा मद, सीएसआर और पीएश्री मद से 2022-23 एवं 2023-24 के लिए शाला भवन मरम्मत, नवीनीकरण, आहता, शौचालय, पेयजल, वाटर हारवेंस्टिंग रैम्प हैंडरेल एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है, जिसके लिए राज्य शासन से इन कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। स्कूल मरम्मत, जीर्णोद्धार, अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 23 करोड़ 26 लाख 07 हजार रूपए की लागत से 561 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसमें 409 कार्य पूर्ण कर लिए गए है और 22 कार्य प्रगतिरत है। इसी तरह स्कूल शिक्षा मद के तहत अतिरिक्त कक्ष, जीर्णोद्धार, आहता निर्माण के लिए 01 करोड़ 92 लाख 91 हजार रूपए की लागत से 24 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसमें 23 कार्य पूर्ण कर लिए गए है और 01 कार्य प्रगतिरत है। समग्र शिक्षा मद के तहत प्राथमिक, माध्यमिक शाला भवन निर्माण, मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बालक-बालिका शौचालय, पेयजल के लिए 13 करोड़ 23 लाख 34 हजार रूपए की लागत से 366 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसमें 188 कार्य पूर्ण कर लिए गए है और 158 कार्य प्रगतिरत है। समग्र शिक्षा मद के तहत हाई, हायर सेकेंण्डरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, मरम्मत, शौचालय, कम्प्यूटर के लिए 02 करोड़ 06 लाख 78 हजार रूपए की लागत से 28 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसमें 14 कार्य पूर्ण कर लिए गए है और 13 कार्य प्रगतिरत है। सीएसआर मद के तहत शाला भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 14 लाख 80 हजार रूपए की लागत से 10 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसमें 10 कार्य पूर्ण कर लिए गए है है। पीएमश्री मद के तहत शौचालय, वाटर हारवेंस्टिंग रैम्प हैंडरेल, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, मरम्मत के लिए 55 लाख 98 हजार रूपए की लागत से 18 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसमें 09 कार्य पूर्ण कर लिए गए है और 09 कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा बैठक लेकर योजनाओं के तहत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यो की नियमित समीक्षा की जा रही है और कार्यो को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए है। इसकी नियमित मानिटरिंग भी की जा रही है। कलेक्टर ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए सतत निगरानी करने निर्देशित किया गया है तथा कार्य एजेंसी विभाग को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्णता के लिए निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा मद, समग्र शिक्षा मद, सीएसआर और पीएश्री मद से शाला भवन मरम्मत, नवीनीकरण, आहता, शौचालय, पेयजल, वाटर हारवेंस्टिंग रैम्प हैंडरेल एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है। जिससे कि बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। गौरतलब है कि स्वीकृत सभी कार्यो को जिला पंचायत, आरईएस, ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कराया जा रहा है जिनमें से बहुत से कार्य पूर्ण होकर स्कूल प्रारंभ किया जा चुका है। शेष बचे कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। स्कूलों का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है एवं जिन स्थानों में मरम्मत का कार्य प्रगति पर है वहां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्कूल का संचालन निरंतर जारी है।

### भाजपा उतई मंडल कार्य समिति की बैठक ग्राम करगाडीह में आयोजित

# नपं,जिपं,जनपद,सरपंच व पंच चुनाव के लिए बनाई गई रणनीति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 30 जुलाई।** भाजपा उतई मंडल कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें। मुख्य वक्ता अजय वर्मा नेता प्रतिपक्ष दुर्ग नगर निगम ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को जिताना है। पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि चलाई जा रही योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करे। पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल महामंत्री पुकेश चंद्राकर,सोनू राजपूत महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतला ठाकुर,युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादु,किसान मोर्चा अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा किसान नेता अजीत चंद्राकर, वरिष्ठ कार्यकर्ता चंदू देवांगन, लक्ष्मी नारायण साहू,पार्षद सतीश चंद्राकर,करण सेन,विमला कामडे,सुनीता वर्मा,लता सोनवानी,दानेश्वरी देशमुख,शीतल रात्रे,हूबलाल,देवेन्द्र राजपूत,शत्रुहण साहू ,आशीष साहू,धनराज साहू,राजू साहू खूबी साहू छबिलाल साहू राकेश वर्मा , वैभव देवांगन,लेखूदास,साहू , चिंटू सिन्हा,मंशाराम,भारती वामन साहू खुमान यादव अशोक साहू पूर्व सरपंच सुखिद यादव,लेखराम साहू,सोमन साहू,भूपेंद्र साहू,गजेंद्र साहू,इमरान खान,हरीश यादव,योगेश साहू,संतोष साहू,ऋषि देशमुख,खेमू देवांगन, मानी निषाद,पोषण देवांगन, डिलेश साहू,छबिलाल साहू,दीपक यादव,शुभम सोनी कन्हैया साहू,ललित देवांगन, राधेलाल साहू,राजेश साहू,लुकेश देवांगन, दिनेश देशमुख,व बड़ी संख्या में देव तुल्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### प्रदेश सरकार निष्क्रिय : मोनेश बंछोर

**उतई, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोनेश बंछोर ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए हर प्रकार से निष्क्रिय करार दिया है! प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है लगातार बढ़ते अपराधों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में हजारों कांग्रेसजनों ने विधानसभा घेराव किया है!किसान नकली खाद बीज मिलने और पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध न होने की समस्या से जूझ रहे हैं! तो वहीं नगरीय निकायों,पीडब्ल्यूडी, पीएचई जैसे महत्वपूर्ण विभागों में सात महीनों बाद भी ठेकेदारों के बिलों का भुगतान करने फंड जारी नहीं किया जा सका है और ना ही नए कामों के लिए राशि दी गई है जिससे विकास और निर्माण कार्य ठप्प हो गया है! एपेक्स बैंक भर्ती परीक्षा के चयनित छात्रों को अभी तक नियुक्ति नहीं दी जा सकी है! मोनेश बंछोर ने कहा की अगर महतारी वंदन योजना चुनावी योजना न होकर सच में माताओं बहनों के लाभ के लिए है तो इस योजना से वंचित हजारों पात्र हितग्राहियों के लिए शीघ्र फॉर्म उपलब्ध करवाकर राशि दिए जाने की मांग की है! साथ ही महिला बाल विकास मंत्री द्वारा रेडी टू ईट योजना पुनः महिला स्व सहायता समूहों की बहनों को दिए जाने की घोषणा के कई महीनों बाद यह कहना की अभी इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं है निंदनीय और छलावा है!



# सुपेला से अन्यत्र बनेगा निगम मुख्यालय, जोन कार्यालय भी होंगे स्थानांतरित, विधायक ने भेजा प्रस्ताव

भिलाई, 30 जुलाई। नगर पालिक निगम भिलाई मुख्यालय सहित नेहरू नगर जोन 1 और वैशाली नगर का जोन 2 कार्यालय बहुत जल्द दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने राज्य शासन से चर्चा कर 25 करोड़ का प्रस्ताव बनाया है। आपको बता दें कि नगर निगम के जोन-1 कार्यालय नेहरू नगर भवन में ही पोस्ट आफिस सहित शासन के अन्य कार्यालय भी संचालित हो रहे हैं। यह भवन अब जर्जर हो चुका है जबकि वैशाली नगर स्थित जोन-2 कार्यालय जिस स्थान पर संचालित है वहीं एक बड़ा मैदान होने से उसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश ने कहा कि वर्तमान समय में निगम मुख्यालय और जोन के दोनों कार्यालय जिस भवन में संचालित हो रहे हैं, बहुत जल्द उसे डिस्मेंटल कर सभी कार्यालय को अलग-अलग स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। सेन ने बताया कि निगम मुख्यालय और जोन-1 कार्यालय कोसा नगर गोठान के समीप वाहन शाखा के आस पास बनाए जाने का प्रस्ताव मैंने भेजा है साथ ही जोन-2 कार्यालय वैशाली नगर को जवाहर नगर में शिफ्ट करना है ताकि वैशाली नगर के एक बड़े खेल मैदान का समुचित उपयोग हो सके। निगम मुख्यालय भवन को डिस्मेंटल कर वहां निगम का मल्टी काम्प्लेक्स या अन्य बड़े प्रोजेक्ट को लाया जाएगा।



जलाभिषेक



**भिलाई, 30 जुलाई।** पुरैना तालाब शिव मंदिर जामुल में जलाभिषेक करते हुए नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर साथ में ओमप्रकाश साहू जगदीश देवांगन दयालु जंघेल संतोष जंघेल गोवर्धन साहू प्रहलाद जंघेल पंचु सेन कौशिक गुरुजी कमोद महाराज एवं समस्त मोहल्ले वासी शामिल हुए।

### 44 होनहार छात्रों को किया साइकिल वितरण



**उतई, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । नगर पंचायत उतई क्षेत्र अंतर्गत शासकीय कन्या विद्यालय उतई के छात्रों को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया नगर पंचायत उतई के प्रथम नागरिक डिकेन्द्र हिरवानी के मुख्य आतिथ्य में इस दौरान नगर पंचायत के पार्षद प्रहलाद वर्मा तोशन साहु सुरता सिंह गढे वरिष्ठ जन बहादुर सिंह नेताम सतीश पारख वरिष्ठ महिलाये सुनीता वर्मा लता सोनवानी विद्यालय की प्राचार्य चंद्रकीरण साहू शिक्षक गण एवं छात्राएं उपस्थित थे। साइकिल प्राप्त कर स्कूली छात्रायें आनंदीत थी उनके चेहरो पर मुस्कान देखते ही बन रही थी सायकल मिलने से स्कूल आने जाने में सुगमता होगी।

### आरपीएफ की चेन पुलिंग मामले में बड़ी कार्रवाई

**भिलाई, 30 जुलाई।** रायपुर डिवीज़न में रेल यात्रियों द्वारा ट्रेन में लगातार किए जा रहे चेन पुलिंग कि शिकायत पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, रायपुर, रमन कुमार द्वारा आर पी एफ कि टीम बनाकर रेलवे स्टेशन भिलाई पावर हाउस में कार्यवाही करने हेतु आदेश किया गया। रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा ट्रेन नंबर 18202 नवतनवा - दुर्ग में बिना उचित कारण के चेन खिंचने वाले लोगो पर कार्यवाही की गई। ट्रेन श्रू पास होते ही चेन पुलिंग हॉर्न के कारण रूक गई तुरंत वहाँ पर मौजूद आर पी एफ के अधिकारी व बल सदस्य हरकत में आ गए एवं उक्त ट्रेन से उतरे हुए यात्रियों को रोक कर उनसे बिना स्टॉपेज के भिलाई पावरहाउस में उतरने का कारण पूछा। टी टी ई द्वारा यात्रियों का टिकट चेक करने पर पाया गया कि अधिकांश यात्री दुर्ग तक यात्रा करने का टिकट रखे हैं परन्तु चेन खींच कर भिलाई पावर हाउस में उतर गए।पर्याप्त एवं उचित कारण नहीं होने के कारण चेन खिंचने वाले 01 व्यक्ति को रेलवे एक्ट की धारा 141 के तहत गिरफ्तारी की गई। इनमें से 6 यात्रियों को रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत गिरफ्तारी, 10 व्यक्तियों को रेलवे एक्ट की धारा 145 बी के तहत गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई। सात व्यक्तियों से टीटी के माध्यम से रू 1640/- जुर्माना वसूला गया।

### बीएसपी ने इवीएमटी के लिए प्राप्त किया ग्रीनटेक अवार्ड

**भिलाई, 30 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र को ग्रीनटेक पीसीडब्ल्यूआर अवार्ड्स 2024 की इनोवेटिव वेस्ट मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी श्रेणी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विजेता का पुरस्कार दिया गया। 27 जुलाई को गुवाहाटी असम में आयोजित पुरस्कार समारोह में ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त यह पुरस्कार विभाग की सहायक महाप्रबंधक सुश्री अनुराधा बिष्ठा और ब्लास्ट फर्नेस की वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री श्रद्धा सिंह ने प्राप्त किया। आईएएस, एडीशनल चीफ सेक्रेटरी, पर्यावरण एवं वन (असम सरकार) रविशंकर, चेयरमेन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (असम) अरूप कुमार मिश्रा, चेयरमेन, गोवा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड महेश पलटिल, चेयरमेन, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड डॉ असरश पाल विग और सदस्य सचिव, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (असम) शांतनु कुमार दत्ता ने ग्रीनटेक पीसीडब्ल्यूआर पुरस्कार 2024 प्रदान किया।

# जनसमस्या निवारण शिविर में 200 लोगों ने बताई समस्याएं



शिविर के दूसरे दिन लगभग 200 लोगों ने अलग-अलग मांग व शिकायत लेकर पहुंचे थे। शिविर में 186 शिकायतों में 47 का निराकरण कर शेष 139 आवेदनों को निराकरण करने संबंधित विभाग को सौंपा गया। नगर सुराज अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविर में एमआईसी गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, रमा साहू, विधि यादव, धर्मेन्द्र भगत, विधायक प्रतिनिधि के

रिसाली। नेवई वार्ड 32 स्थित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पहुंचे मरीजों को आर. ओ. का पानी मिलेगा। नेवई स्थित जनसमस्या निवारण शिविर में नागरिकों ने शुद्ध पानी की मांग की थी। क्षेत्रीय पार्षद एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी ने नागरिकों की इस मांग को पूरा करते हुए निर्देश दिए कि आर. ओ. पार्षद निधि से लगाया जाए। शिविर में इस मांग का निराकरण तत्काल किया गया। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे जनसमस्या निवारण रूप में मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, अजीत चैधरी आदि उपस्थित थे। शिविर में गोद भराई व अन्न प्रसान्न का कार्यक्रम किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग रेडी टू ईट से बने पौष्टीक व्यंजन का स्टॉल भी लगाया था। शिविर में पार्षद सुनंदा चंद्राकर एवं रमा साहू ने दिव्या जोशी के बेटे अंकित जोशी का पहले खीर खिलाकर मुँह जुठाई कराया। बात में वंदना साहू पति प्रदीप की गोद भराई की।

### हार्वर्ड मैनेज मेंटर मॉड्यूल के शीर्ष 15 शिक्षार्थियों को किया गया सम्मानित



**भिलाई, 30 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा हार्वर्ड मैनेज मेंटर मॉड्यूल के शीर्ष 15 शिक्षार्थी अधिकारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी ने शीर्ष शिक्षार्थियों को बधाई दी।

शुरुआत में महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने मॉड्यूल पर संक्षिप्त जानकारी साझा करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र में इसके क्रियान्वयन की स्थिति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक एस के पालो और प्रबंधक सुश्री अवंती वचुला भी उपस्थित थे।

# भिलाई-चरौदा निगम के आजाद चौक में लगाया गया जनसमस्या निवारण पखवाड़ा



**भिलाई-चरौदा, 30 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन क्षेत्रांतर्गत किया जा रहा है। पहला शिविर उमदा में 27 जुलाई को संपन्न होने के उपरांत सोमवार 29 जुलाई को आजाद चौक के दुर्गा मंच में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड क्रमांक-12 डबरा पारा, वार्ड क्रमांक-13 गांधी नगर, वार्ड क्रमांक-14 नेहरू नगर, वार्ड क्रमांक-15 बजरंग पारा के निवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। यहां उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन की ओर से नागरिकों को दी जाने वाली सभी सुविधा के विभाग प्रमुख अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने विभाग के काउंटर में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों को संकलन करने की कार्यवाही की गयी। शिविर में जन प्रतिनिधियों ने अपने वार्ड के नागरिकों सहित पहुंचकर अपनी सहभागिता प्रदान की। इनमें वार्ड क्रमांक-14 नेहरू नगर की पार्षद सह महापौर परिषद की सदस्य श्रीमती देवकुमारी भलावी, वार्ड क्रमांक-15 बजरंग पारा के पार्षद डे साहब वर्मा (पप्पू), वार्ड क्रमांक-23 हाउसिंग बोर्ड चरौदा के पार्षद टेनेन्द्र कुमार ठाकरे तथा पूर्व पार्षद श्रीमती तुलसी मरकाम शामिल रही। शिविर में मांग के 86 तथा शिकायत के 12 आवेदन प्राप्त हुए। इस तरह कुल प्राप्त आवेदन संख्या 98 रही। जिनमें शिविर के दौरान निराकृत किये गये आवेदनो की संख्या 48 है। जबकि शेष 50 आवेदनो पर शासन द्वारा तय किये गये मापदंड के अनुरूप कार्यवाही की जा रही है। निगम कमिश्नर डी एस राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता-हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता किसलय साहू, उप अभियंता मुकेश चंद्राकर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरुणिमा दुबे शिविर स्थल पर मौजूद रहे।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 30 जुलाई।** रायपुर जिला बैडमिन्टन संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सब सीनियर एवं जूनियर (बालक एवं बालिका) बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन एकल एवं युगल वर्ग में 24 अगस्त तक रायपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये इंडोर हॉल, सिविक सेंटर के बैडमिन्टन कोर्ट पर 3 एवं 4 अगस्त को सुबह 9 बजे से (दोनों वर्ग) टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। संयंत्र कर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे दिनांक 31 जुलाई तक निम्न चयनकर्ताओं प्रवीण उपाध्याय (मो.न-7489599530), मो. सलीम कुरैशी (मो.न-9407984236) तथा विजय भानू (मो.न-9229583585) के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।



### बासी खाद्य पदार्थ बेचने वालों का 3900 रुपये का कटा चालान

**भिलाई, 30 जुलाई।** सोमवार को फिर नगर निगम भिलाई के जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत जल जनित मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड क्रं. 17 आकाशगंगा दक्षिण, गंगोत्री क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर प्रतिष्ठानों में जाकर जांच किये। होटल एवं आईस क्रीमपार्लर में निरीक्षण के दौरान खादय पदार्थ एवं साफ-सफाई सही नहीं पाए जाने पर कार्यवाही की गई। जिसमें मित्तल बिरयानी, नोवेल्टी कुल्फी, आइसक्रीम पार्लर, रॉयल राजस्थानी रेस्टोरेंट, बुढहन खोवा जलेबी, सलोनी स्वीट्स में निरीक्षण के दौरान खादय पदार्थ बासी पाया गया। बासी व बदबूदार खादय पदार्थो को जप्ती बनाकर उसे जमीन में गाड़कर ब्लीचिंग डालकर विनिष्टिकरण किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पाये जाने पर इन प्रतिष्ठानों से 3900 की चालानी कार्यवाही भी किया गया।

निधन

### विशना बाई



**भिलाई, 30 जुलाई।** ब्राहमण पारा वार्ड क्रमांक 33 निवासी स्व0 नरेन्द्र कश्यप की धर्मपत्नी विशना बाई ( बदौसा वाली ) का स्वर्गवास 29 जुलाई को दोपहर 12 बजे हुआ। जिनकी अंत्येष्टि हरनाबंधा मुक्तिधाम शंकर नगर दुर्ग में किया गया ।

वे श्रीमती मधु ,विकास एवं विनय कश्यप की माताजी थीं और शंकर लाल कश्यप, महेंद्र कश्यप व जितेंद्र कश्यप की चाची थीं।

# शुद्ध पेयजल को तरस रहा है डायरिया पीड़ित गांव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 30 जुलाई।** कौड़ीकसा सेक्टर के चारों ओर मौसमी बीमारी के साथ-साथ लेडीजोब गांव में डायरिया का प्रकोप छाया हुआ है इस आपातकाल परिस्थिति में कौड़ीकसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ प्रभारी डॉक्टर अपने कर्तव्यों से नदारत मिले इसी बीच शुद्ध पेयजल के लिए तड़पना पढ़ रहा है डायरिया पीड़ित लेडीजोब गांव को ।मरीजो का हाल-चाल जानने अस्पताल और गांव पहुंचे क्षेत्र के विधायक इंद्र शाह मंडावी तब खुली पोल। उल्लेखनीय की आज 12 बजे के लगभग विधायक इंद्र शाह मडावी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी में दाखिल डायरिया से पीड़ित लेडीजोंब के ग्रामीणो का हाल-चाल जानते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा पहुंचे इस दौरान एक दर्जन से ऊपर प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के बीमार बच्चे इलाज के लिए अस्पताल में इकट्ठे थे, छात्रों के अलावा कौड़ीकसा सहित आसपास के गांव के ग्रामीण मौसमी बीमारी के इलाज के लिए अपने परिजनों को लेकर अस्पताल में पहुंचे हुए थे परंतु यहां का प्रभारी डॉक्टर हितेश मार्शल ड्यूटी से गायब मिलें, ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 6 महीना पहले डा हितेश मार्शल का यहां पदस्थापना हुआ है परंतु वह महीने में एक दो बार ही अस्पताल पहुंचते हैं और फर्जी हस्ताक्षर कर पूरे नदारत दिनो का वेतन निकालते हैं। अस्पताल के दुर्दशा की जानकारी प्राप्त करने के बाद विधायक इंद्र शाह मडावी डायरिया प्रकोप गांव लेडीजोब पहुंचे जहां नलकूप से दुषित पानी के सेवन करने से अब तक 90 महिला पुरुष बच्चों को डायरिया की परेशानियों से जूझना पड़ा व सभी को ज़रूरी उपचार के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकी, राजनांदगांव तथा दल्ली राजहरा में उपचार के लिए भेजा गया है।विधानसभा के दौरान सरपंच सुमन गांवरे के द्वारा डायरिया की जानकारी मिलते ही विधायक ने तुरंत कलेक्टर को दूरभाष पर लेडीजोब गांव में प्रशासनिक व्यवस्था बनाने कहा गया आज स्वयं चौकी, कौड़ीकसा अस्पताल और गांव पहुंच कर हालचाल जाना तथा शिविर में उपस्थित जिला स्वास्थ्य अधिकारी, श्री मडावी ,खंड चिकित्सा अधिकारी श्री धुर्वे से जानकारी लिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी विधायक प्रतिनिधि राजकुमार ध्रुव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शुद्ध पेयजल के लिए तड़प रहा है गांव-लेडीजोब गांव में दुषित हैंडपंप को सील करने के बाद पेयजल आपूर्ति के लिए गांव को अब भटकना पड़ रहा है भाजपा नेताओं के लेडीजोब गांव पहुंचने के दौरान दिखावे के लिए पीईची विभाग की तरफ से एक दिन टैंकर भेजा गया उसके बाद विभाग अब पीठ दिखा रहा है विधायक ने डायरिया ग्रसित गांव में पानी टैंकर की अनुपलब्धता को देखकर बेहद नाराज हुए तथा तुरंत पी एच ई के अधिकारियों को दूरभाष पर गांव में पानी पहुंचाने का निर्देश दिया।

कौड़ीकसा अस्पताल में मिली ढेरों शिकायत-ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि यहां पदस्थ प्रभारी डॉक्टर हितेश मार्शल राजनांदगांव में निवास करते हैं जब से वे यहां पदस्थ हुए हैं तब से वे लगातार नदारत रहते हैं महीने में कभी कभार अस्पताल पहुंचते हैं और पूरे महीने का हस्ताक्षर कर वेतन अहरण करते हैं। इसके साथ ही तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को यहां प्रताड़ित किया जा रहा है।

रात में नदारत रहता है अस्पताल का पूरा स्टाफ-आर्सेनिक पीड़ित कौड़ीकसा गांव में 30 बिस्तर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। उक्त अस्पताल से कौड़ीकसा, अरजकुण्ड,भगवान टोला, दोडके, देवरसुर, परसाटोला, नीचेकोहडा , कुदुरघोड़ा सब सेंटर के ग्रामीण जुड़े हुए हैं परंतु इस अस्पताल से डॉक्टर नदारत रहते हैं कोई मरीज पहुंच भी गया तो उसे तत्काल अपने घर से ही रेफर कर देते हैं इसके अलावा रात को ओपीडी मे किसी की ड्यूटी नहीं लगाई जाती जो इस क्षेत्र के हजारों ग्रामीणो के लिए दर्द बना हुआ हैं।

नदारत डॉक्टर के खिलाफ की जाएगी नोटिस जारी -राजनांदगांव से कभी कभार यहां आकर ड्यूटी कर रहे कौड़ीकसा के प्रभारी डॉक्टर हितेश मार्शल के अनुपस्थिति को लेकर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी श्री धुर्वे ने कहा कि उक्त डाक्टर के खिलाफ नोटिस जारी की जाएगी।

## एक नजर

### सीनियर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम के अध्यक्ष प्रकाश चुने गए

**रायपुर,30 जुलाई।** सीनियर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम रायपुर के चुनाव सत्र 2024--2027, ,सत्र के लिये मतदान, 28 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आशीर्वाद भवन बैरन बाजार रायपुर में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी श्री डी डी दुगे ने विजयी प्रत्याशियों की सूची 28 तारीख को जारी कर दी।अध्यक्ष-श्री प्रकाश सुरावधनीवार , उपाध्यक्ष-श्रीमती सरोज सैफी सचिव-श्री राजकुमार शुक्ला , संयुक्त सचिव-श्री पी के चटर्जी , कोषाध्यक्ष-श्री एच एन राणा । कार्य कारिणी सदस्य-: श्री राकेश खरे,श्री नीतीश श्रीवास्तव,श्री मनोहर सिंह ठाकुर,श्री राममूर्ति अग्रवाल निर्वाचित घोषित किए गए। विजयी प्रत्याशियों को संस्थापक श्री के पी सक्सेना जी के साथ साथ उपस्थित सदस्यों ने बधाई, शुभेच्छा दी ।

### आश्रम एवं छात्रावास के छात्र- छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई



**डोंगरगढ़ 30 जुलाई।** डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्रावास के बालक व बालिकाओ का स्वास्थ्य परीक्षण कर जाँच किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.पी.एक्का विकासखण्ड अधिकारी डोंगरगढ़ के आदेशानुसार विकासखण्ड के अंतर्गत समस्त शहरी एवं ग्रामीण स्तरीय अनुसूचित जाति एवं आदिवासी बालक बालिका छात्रावास,आश्रम में स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें सिकल सेल, हिमोग्लोबीन, दस्त प्रबंधन, सामान्य जाँच मलेरिया जाँच, दस्त प्रबंधन करवाया जा साथ रहा है। साथ ही स्वच्छ पेयजल एवं भोजन करने की, बारिश के मौसम में जल जनित रोगों की जानकारी एवं रोकथाम नियंत्रण के संबंध में बताया गया। आश्रम एवं छात्रावास में प्रत्येक माह स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य दल द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा।

### इको क्लब का शपथ ग्रहण आयोजित




**डोंगरगढ़ 30 जुलाई।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धामनसरा में दिनांक 29/07/2024 को इको क्लब के माध्यम से गतिविधि का आयोजन। गठित इको क्लब का शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें प्राकृतिक पेड़ पौधों जल संरक्षण पर्यावरण जल प्रदूषण वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिक्षकों ने इको क्लब के सदस्यों को विस्तृत रूप से बताया इको क्लब का पर्यावरण को हरा भरा शुद्ध हवा के लिए वृक्षारोपण करने के सुझाव दिया जिसमे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती वेणुबाला पटेल, उपाध्यक्ष श्री बलराम निषाद, शिक्षा विद श्री डेविड यादव, श्रीमती अंजनी पटेल,श्री रोहित कुमार साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, श्री माधव राम उइके प्रभारी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, श्री जीवन लाल बेलसरिया, श्री राजेश कुमार चौरसिया, श्री ओम प्रकाश साहू, श्री सुभाष साहू, श्री रोहित कुमार जोशी, श्रीमती उर्वशी चंद्रकार, श्रीमती नीतू चौरसिया, श्रीमती सीमा यादव, कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर हेपेटाइटिस बीमारी के संबंध में जनसामान्य को किया गया जागरूक

**राजनांदगांव 30 जुलाई।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक चिखली में हेपेटाइटिस बीमारी के संबध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा पाण्डेय ने बताया कि हेपेटाइटिस बी संक्रमित ब्लड, सुई, असुरक्षित यौन सम्बन्ध, दूसरे की संक्रमित शेविंग किट, टैटू बनवाने, गर्भवती माता से उसके बच्चे को हो सकता है। हेपेटाइटिस बी में वायरस के कारण लिवर में संक्रमण हो जाता है। लापरवाही करने पर लिवर खराब होने और लिवर कैंसर होने का भी खतरा रहता है। उन्होंने हेपेटाईटिस बी टीका के संबंध में जानकारी देकर लोगों को टीका लगाने के लिए प्रेरित किया। हेपेटाइटिस सी भी संक्रमित रक्त के माध्यम से हो सकता है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त ब्लड डोनेशन के पूर्व हेपेटाइटिस बी व सी का जांच अवश्य कराएं। आयुर्वेद चिकित्साधिकारी आयुष पॉलीक्लिनिक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना ने बताया कि हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी एक बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है और इसके कारण कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है। हेपेटाइटिस आमतौर पर वायरल इंफेक्शन के कारण होने वाली समस्या है। इसके अलावा अत्यधिक अल्कोहल लेने की आदत, कुछ दवाएं जिनका अधिक प्रयोग, अत्यधिक तेल व मसाले वाला भोजन और किसी विशेष तरह की मेडिकल कंडीशन के कारण भी हेपेटाइटिस की समस्या हो सकती है। इस बीमारी के कई वेरिएन्ट्स हैं। जिनमें ए, बी, सी, डी और ई इनमें हेपेटाइटिस बी एवं सी को खतरनाक माना जाता है। हेपेटाइटिस ए में वायरस का संक्रमण दूषित भोजन व पानी से होता है। हेपेटाइटिस के लक्षणों में बुखार, उल्टी, भूख नहीं लगना वजन कम होना, पेट में दर्द एवं आँखों व त्वचा के सफेद भाग का पीला होना, पेशाब में पीलापन होता है। इससे बचने के लिए दूषित एवं ज्यादा तेल-मसाले वाले खानपान से बचें एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर औषधीय पौधे कालमेघ, चिरायता, एलोवेरा, गिलोय का वितरण किया गया और औषधीय पौधों के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव, संस्था के सभी कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

# रामलला दर्शन के लिए नगरी ब्लाक से 27 लोग अयोध्या रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 30 जुलाई।** केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आज सुबह 7 बजे जनपद पंचायत नगरी से 27 लोगों ने अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए, रवानगी से पहले सभी श्रद्धालु यात्रियों के माथे पर टीका लगा कर गमछा भेंट किया गया, यात्रा के दौरान श्रद्धालु सबसे पहले काशी विश्वनाथ पहुंच कर दर्शन करेंगे इसके पश्चात अयोध्या में रामलला का दर्शन करेंगे, उक्त अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, इस मौके पर एसडीएम पवन कुमार प्रेमी,जनपद पंचायत के सीईओ बिमल कुमार साहू, करारोपन अधिकारी आनंद राम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, कमल डागा, हृदय साहू, गुरु साहू, चेलेश्वरी साहू उपस्थित रहे, बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप लोगों को मुफ्त में तीर्थ यात्रा करवा के उन्हें पवित्र अयोध्या धाम के दर्शन करवाना है,और अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम मंदिर में भगवान के दर्शन करवाकर पुण्य का भागी बनाना है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नगरी सहित धमतरी जिले के लोगों को मिल रहा है, नागरिकों को तीर्थ दर्शन करवाकर उनकी धार्मिक भावनाओं को सम्मान दिया जा रहा है।

# ट्यूटर भर्ती चयन प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ी शाला प्रबंधन समिति कर रही अपनी मनमानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**मोहला 30 जुलाई।** मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के अंतर्गत मोहला और मानपुर ,अम्बागढ़ चौकी विकाशखण्ड में जिला शिक्षा विभाग द्वारा ट्यूटर शिक्षक भर्ती हेतु पद निकाला गया है ताकि एकल शिक्षक शाला वाली जगह पर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके जिसके लिए जिला प्रशासन ने भर्ती प्रक्रिया के लिए नियमावली के साथ अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन मंगाए गए हैं जिनके मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है लेकिन इधर जिला प्रशासन की नियमावली को दरकिनार करते हुए चयन प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है जिससे मोहला मानपुर विकासखंड के कई जगह शालाओं में विवाद की स्थिति पैदा हो रही है जिन अभ्यर्थियों का मेरिट सूची में पात्रता के आधार पर चयन किया जाना है उनका नाम अपात्र में डालकर अपने निजी लोगों को फायदा पहुचाने उनका चयन किया जा रहा है जो बिल्कुल नियम विरुद्ध है जबकि बता दे कलेक्टर के निर्देश में यह ट्यूटर भर्ती किया जा रहा है जिसमें चयन प्रक्रिया के लिए गाँव के शाला प्रबंधन समिति को जिम्मा सौंप गया है लेकिन वही शाला प्रबंधन समिति अपनी मनमानी करते हुए मेरिट सूची के आधार पर चयन न करते हुए अपने निजी लोगों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है जिस पर ना संकुल समन्वयक, प्राचार्य प्रधान पाठक, का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होने की बात कह कर टाल रहे हैं तो फिर आखिरकार विभागीय तौर पर ट्यूटर शिक्षक भर्ती निकालकर क्या सिर्फ शिक्षा विभाग अपनी खानापूर्ति कर रही है जिस पर शासन प्रशासन का हस्तक्षेप न होना गांव के लोगो में आपसी मतभेद को जन्म दे रही है जिससे गांव के लोग ही आपस में ही उलझ रहे हैं ।

ट्यूटर शिक्षक भर्ती में चयन प्रक्रिया शाला प्रबंधन समिति द्वारा किया जा रहा है जिसमे नियमावली और मैरिट सूची के आधार पर किया जाना है अगर कही नियम विरुद्ध चयन हो रहा है तो वह गलत है ।

**राजेन्द्र देवांगन विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी मोहला**

## छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग के 16 चेक पोस्ट व उड़नदस्ता शुरू

**छूरिया 30 जुलाई।** चिचोला नेशनल हाईवे छत्तीसगढ़ के कुबेर कहे जाने वाले परिवहन चेक पोस्ट पाटेकोहरा में बताया जाता है नरेन्द्र साहू व संतोष राठौर के टीम द्वारा कई करोडो का गोलमाल कर जमकर बैठ गये है इनके ऊपर के अधिकारी भी भूल गए है बैरियल में हर छै महिनें के लिए पदस्थ किया जाता है ।लेकिन नरेन्द्र साहू व संतोष राठौर का बपौती बैरियल है इस तरह जमकर बैठा दिया गया है क्या यही दोनो निरीक्षक परिवहन विभाग के खानापूर्ति के लिए सक्षम है।पहली बार इन दोनों को इस तरह बैठा कर रखा है मानो परिवहन विभाग के दोनों हाथ इनके ऊपर मेहरबान है।क्या ये दोनों निरीक्षकों के उपर परिवहन विभाग का संरक्षण है करोडो रुपये का लेनदेन करते होंगे तभी यहां पर बैठाकर रखा गया है।जब से परिवहन चेक पोस्ट खुला है तब से आज तक कोई भी निरीक्षक को इतने-इतने दिन रहने का मौका नही मिला है।क्या परिवहन विभाग के अधिकारियों का वरदहस हासिल तो नही है।आये दिनों नेशनल हाईवे मे जाम आयें दिन ट्रक ड्राइवरों से लाठैत द्वारा मारपीट व बदसुलूकी जैसे ये डंडा धारी खुद परिवहन अधिकारी है पुर्व में भी एक ट्रक ड्राइवर को लाठैतो द्वारा डांडा मारकर हाथ फेक्चर कर दिया गया था जिंसके कारण पुरा नेशनल हाईवे 1घनटे जाम रहा ये लाठैतो को भी वरदान प्राप्त है बरसों से जामे निरीक्षकों का संरक्षण है चूंकि अंतरराज्यीय चेक पोस्ट होने के कारण एंट्री के नाम पर भी बंदर बांट होता है इसी कारण यहां नाये व पुराने दलाल भी सक्रिय रहेते है कुछेक नये व पुराने दलाल सुत्र तो यहां भी बताते हैं कूछ लोग बकायदा गाड़ीयों का नम्बर दे देते हैं और वह आसानी से पार हो जाता है कुछेक लोग तो रात्रि के अंधेरे में भी नज़र आतें हैं।

# शाला प्रबंधक व स्टॉफ बच्चों की सुरक्षा नहीं कर पा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 30 जुलाई।** नगर के आदर्श स्कूल में शाला प्रबंधन की कमजोरी और लापरवाही सामने आई। एक बच्चे ने की दूसरे बच्चे से मारपीट बच्चे की आंख में आई गंभीर चोट। बताया जाता है बच्चे की आंख में सूजन बच्चे की हालत नाजुक। सोमवार की सुबह सभी बच्चे स्कूल ग्राऊण्ड में खेल रहे थे इसी बीच दो बच्चे फलाने और फलाने में लड़ाई हो गई जिसमें फलाने बच्चे ने फलाने बच्चे के साथ जोरदार मारपीट की और आंख में चोट लग गई आनन फानन में घायल बच्चे को फलाने अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी आंख में चोट लगने की बात सामने आई है प्राथमिक उपचार करके बच्चे को घर लाया गया है। स्कूल का पूरा स्टाफ होने के बावजूद इस तरह की लापरवाही अपने आप में एक सवाल है। आखिर मां बाप अपने बच्चे को पढ़ाई करने स्कूल भेजते हैं। बच्चों की सुरक्षा की पूरी जवाबदारी स्कूल प्रबंधन की होती है और स्कूल प्रबंधन इतना कमजोर है और लापरवाह है कि वह बच्चों की सुरक्षा भी नहीं कर पा रहा है। स्कूल के प्राचार्य श्री एम एम लाड़े ने आनन फानन में मारपीट करने वाले बच्चे को स्कूल से टीसी देकर निकाल दिया है ऐसी जानकारी मिली है और बच्चे के पिता को स्कूल भी बुलाया था कि बच्चे की स्कूल की फीस जमा करके बच्चे का नाम इस स्कूल से काटा जा रहा है बच्चे की टीसी ले जायें। क्या लड़ाई करने वाले बच्चे को स्कूल से निकाल देना ही इस समस्या का हल नही हो सकता है इस बात की क्या गारंटी है कि भविष्य में इस प्रकार की वारदात दोबारा नहीं होगी। और तो और स्कूल प्रबंधन पीड़ित बच्चे के घर जाकर उसे देखने की जहमत गवांरा नहीं की बच्चे को कितनी चोट आई है और उसकी हालत कैसी है। ये जानकारी लेना भी मुनासिब नहीं समझे क्या आदर्श स्कूल सरकारी माफ दंड के अनुसार संचलित है खेल कुद का मैदान पर्याप्त लंम्बाई चौड़ाई है क्या स्टाफ को उनका वेतन उनके खाते मे डाल कर स्कूल प्रबंधक द्वारा दिया जाता है खुद प्राचार्य स्कूल में ही सह परिवार रहते हैं स्कूल प्रबंधन की शिकायत रायपुर में स्कूल के महाप्रबंधक श्री रामबाबू से इसकी शिकायत की जायेगी और छुरिया विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी से भी इस बात की शिकायत की जायेगी। और इस प्रकार के लापरवाही संचालित स्कूल की मान्यता ही रद्द करने की मांग की जायेगी जो अपने स्कूल में अध्ययनरत बच्चों की हिफाजत नहीं कर सकते उस स्कूल की मान्यता रद्द करने की भी अपील पीड़ित बच्चे के पालक गण करेंगे। ये वही लाड़े सर हैं जिनके पुत्र को छूरिया नगर पंचायत मे बने विवादित 101 कंपलेक्स के आबटन पर एक दुकान वितरण किया गया था बताया जाता स्कूल के प्राचार्य एम एम लाडे द्वारा एक स्कूली छात्रा को पढ़ाने से इनकार कर दिया गया।

## मां बमलेश्वरी की नगरी में सावन माह में किया गया यह आयोजन

# धूमधाम से निकली महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की सवारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 30 जुलाई।** मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में पवित्र सावन माह के अवसर महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में सवारी पालकी यात्रा धूम धाम से नगर भ्रमण को निकली ! सर्वप्रथम छोटी मां बम्लेश्वरी मंदिर में शिव शक्ति का भेट पूजन सम्पन्न हुआ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल व सिंघोला महाकाल मंदिर के संस्थापक के पवन डागा व ट्रस्टी हनी गुप्ता की उपस्थिति में पंडित युवराज शर्मा,दुबे महाराज द्वारा पूजन सम्पन्न किया गया तत्पश्चयात महावीर मंदिर प्रांगण में ठाकुर जी के साथ हरि हर मिलन पूजन के बाद बाबा महाकाल की सवारी नगर भ्रमण के लिए निकली जिसे नगर के शिव भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए

समिति के हिमाशु गुप्ता ने बताया आयोजन को लेकर 1 सप्ताह पूर्व से तैयारी की जा रही थी यात्रा में अखाड़ा बैंड बाजा शिव लीला भजन मंडली व झांझ डमरू की धुन में बाबा महाकाल नगर में अपनी प्रजा का हाल चाल जाने निकले जिसमे नगर के महेश्वरी समाज,कच्छ गुर्जर गुजराती समाज, शिव सेना,मारुति नंदन भक्त समिति, भगत सिंह क्लब, राधे कनौजिया तराने गली,सनातन जागृति संस्थान, पिपलेश्वर महादेव समिति,पशुपति नाथ मंदिर समिति,शिव मंदिर ठेठवार समिति द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया व स्वल्पाहार पेय जल की व्यवस्था की गयी यात्रा के नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए ठेठवार पारा शिव मंदिर में समापन किया गया जहाँ शिव भक्तों द्वारा सामूहिक महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया कल का नगर का वातावरण शिवमय नजर आया इंद्रदेव की कृपा से यात्रा सफलता पूर्वक आनंद के साथ सम्पन्न हुई समिति नगर में सभी समाज व समितियों का आभार व्यक्त किया साथ ही आयोजन के किये प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोगियों के धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में मुख्य रुप से महाकाल मंदिर संस्थापक पवन डागा,नीलू शर्मा,राजू डागा,संजय तेजवानी,विक्की अग्रवाल,रामजी भारती,योगेश पांडे,विनोद खांडेकर,हरविंदर सिंह मांगे,सुनील जैन,प्रकाश चौरड़िया,महेंद्र भाई पटेल,प्रकाश बिंदल,पवन मेश्राम,राहुल बलदेव शर्मा,प्रकाश समृति,तरुण हथेल,प्रिंस कक्कड़,बबली नामदेव,आलोक सोनी,नीरज चौरड़िया,अक्षय चौरडिया,सुमित ताम्रकार,बाल मुकंद तराने,संध्या देशपांडे, सविता दरगड,अंचला ठाकुर,अनिता लोकेश इंदुरकर,आशीष शुक्ला,नितिन शर्मा,रजत देशपांडे,शुभम नामदेव,आदित्य मिश्रा,राहुल यादव,प्रिंस यादव, निशान शर्मा,वरुण अग्रवाल,रवि यादव, सत्यम यादव अन्य सभी भक्त उपस्थित हुए।

## समाचार संक्षेप

### एटीएम तोडकर चोरी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे



**राजनांदगांव 30 जुलाई।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में जिले में आये दिन चोरी के घटना को गद्दे नजर रखते हुए रात्रि पेट्रोलिंग एवं पैदल पेट्रोलिंग करने हेतु सभी थाना / चौकी को निर्देशित किया गया है। इसके परिपालन में थाना सोमनी पुलिस द्वारा लगातार रात्रि गस्त किया जा रहा है। आज दिनांक 28,29.07.2024 के दरमियानी रात को करीबन 02.45 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिला की ग्राम सोमनी में लगे बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम में एक अज्ञात व्यक्ति चोरी के नियत से शटर का ताला तोडकर एटीएम अंदर घुसकर चोरी का प्रयास कर रहा है तभी तत्काल सोमनी पुलिस द्वारा तत्परता दिखातें हुए मौके पर एटीएम के पास पहुंचा जो शटर का ताला टुटा देख कर शटर बाहर से बंद कर दिया गया। जिससे आरोपी भागने में असफल रहा और मौके पर पकडा गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान अपना नाम स्वपनिल मंगर पिता जर्नादन मंगर उम्र 23 वर्ष साकिन ग्राम सालई, कुही, ओपी पाचगांव नागपुर (महाराष्ट्र) का रहने वाला बताया। आरोपी द्वारा बताया गया कि वह बैल दौड में करीबन 200000 लाख रू. हार गया था जिससे परेशान होकर कोई बडी धटना कर पैसा कमाने के मंसा से एटीएम से पैसा चोरी करने कि ठान लिया और अकेले ही घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया। जो मौके पर थाना सोमनी पुलिस द्वारा आरोपी स्वपनिल मंगर को मौके पर पकडकर उसके कब्जे से लोहा कटर मशीन, वायर कटर, पेचकश व पाना पेंचिस तथा प्लास मौके में जप्त किया गया। तथा एटीएम को तोड-फोड करने से लाखो रूपये का नुकसान हुआ है, आरोपी के विरूद्ध थाना सोमनी में अपराध क. अप0क0 179/24 धारा-331 (4),324(4),305 (ई), 62 बीएनएस कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया तथा आरोपी को विधिवत गिरफतार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक जलालुददीन खान, सउनि बिरेन्द्र नाविक, आर0 लावन तारम, लीलाराम साहू, अनिल रात्रे व समस्त स्टाफ थाना सोमनी का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

### अग्र युवा मंच, रायपुर इकाई की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**रायपुर 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ी अग्र युवा मंच, रायपुर इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें दाऊ अंशुल अग्रवाल अध्यक्ष, दाऊ सौरभ अग्रवाल सचिव, दाऊ निलेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष, दाऊ कुंजबिहारी अग्रवाल उपाध्यक्ष, दाऊ नीतेश अग्रवाल उपाध्यक्ष, दाऊ ऋषि अग्रवाल सहसचिव, दाऊ विकास अग्रवाल सहसचिव, दाऊ निकेत अग्रवाल और दाऊ प्रज्ज्वल अग्रवाल सांस्कृतिक सचिव तथा दाऊ श्रीजी, दाऊ अनमोल, दाऊ गौरव को प्रचार प्रसार मंत्री मनोनीत किया गया, साथ ही दाऊ नीरज अग्रवाल और दाऊ अनिल(बंटी) अग्रवाल को मार्गदर्शक के रूप में मनोनीत किया गया ।दाऊ आशीष अग्रवाल, दाऊ अकाश अग्रवाल,दाऊ सुमित अग्रवाल,दाऊ माधव अग्रवाल,दाऊ मनीष अग्रवाल,दाऊ मयंक अग्रवाल,दाऊ अनमोल अग्रवाल,दाऊ जयंत अग्रवाल,दाऊ निशु अग्रवाल,दाऊ विवेक अग्रवाल,दाऊ अक्षय अग्रवाल,दाऊ गौरव अग्रवाल उपस्थित थे।

### अंततः डोंगरगढ मंदिर परिक्रमा पथ व बाईपास रिंगरोड के निर्माण को मिली मंजूरी

**डोंगरगढ 30 जुलाई।** मां बम्लेश्वरी मंदिर में परिक्रमा पथ को लेकर लंबे समय से चल रही बहुप्रतीक्षित मांग को अंततः विष्णु देव साय की भाजपा सरकार के द्वारा हरी झंडी दिखा दी गई व साथ ही साथ अनुपूरक बजट में धर्मनगरी डोंगरगढ में बाईपास रिंगरोड का निर्माण कार्य सलंग्न है। विकास एवं निर्माणकार्य के लिये जिसमे प्रमुख रूप से 26 किलोमीटर लम्बाई की रिंगरोड बाईपास मार्ग जिसकी अनुमानित लागत 82 करोड़ रुपये एवं परिक्रमा पथ जिसकी लंबाई 08 किलोमीटर अनुमानित लागत 59 करोड़ रुपये फोर लाइन निर्माण कार्य शामिल है। साथ ही साथ जिले के सभी नगरीय निकाय के साथ साथ डोंगरगढ में भी एक लाइब्ररी के निर्माण के फैसले से प्रतियोगी परीक्षाओ में सम्मिलित होने वाले आसपास के ग्रामीण इलाकों से आने वाले एवं स्थानिय विधायर्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। डोंगरगढ में मां बम्लेश्वरी मंदिर में परिक्रमा पथ की मांग मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के तत्कालीन अध्यक्ष पिताम्बर स्वामी के द्वारा की गयी थी उस समय छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंगज एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल थे, इस कार्य को गति प्रदान करते हुये राजनानंदगाव जिले के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंग द्वारा निरंतर प्रयास किया जाता रहा ,किंतु सरकार के बदल जाने के बाद स्वीकृति का कार्य पूरा नहीं हो पाया। वर्तमान में भाजपा की पुनः सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व वित्तमंत्री ओ, पी, चौधरीजी के द्वारा मानसून सत्र में जिले के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंग, सांसद संतोष पांडे के विशेष प्रयास से स्वीकृति प्रदान की गई । छत्तीसगढ़ भाजपा के व्यापार प्रकोष्ट के कार्यकारिणी सदस्य एवं डोंगरगढ विधानसभा के मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी को विकास की सौगात प्रदान करने के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साव , विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंग,वित्तमंत्री ओ, पी, चौधरी, पूर्व सांसद द्वय मधुसूदन यादव अभिषेक सिंग, वर्तमान सांसद संतोष पांडे, प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती, भरतलाल वर्मा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को बधाई प्रेषित की है।

संपादकीय

# विकसित भारत तो देश का लक्ष्य है,राजनीति क्यों

किसी देश का विकास तो तब ही हो सकता है जब देश के सब लोग,सारे राजनीतिक दल इसमें खुले मन से सहयोग करें। किसी भी देश के विकास के लिए सभी राज्यों का विकास होना भी जरूरी है, सभी राज्यों का विकास होने पर ही तो देश का विकास होगा। इसके लिए तो जरूरी है कि राज्यों में भले ही विरोधी दलों की सरकारें हों लेकिन जब बात राज्य व देश के विकास हो तो सभी राज्यों के राजनीतिक दलों का एक ही लक्ष्य होना चाहिए, राज्य का विकास और देश का विकास। अगर वह देश का विकास चाहते हैं तो उनको राज्य के विकास के लिए वह सब करना होगा जो देश के विकास के लिए जरूरी होता है। पीएम मोदी देश के पीएम हैं, उन्होंने अगर देश के लिए यह लक्ष्य तय किया है कि 2047 में तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो यह वह अपनी पार्टी के लिए नहीं कर रहे हैं कि इससे भाजपा को ही फायदा होगा, भाजपा को ही राजनीतिक लाभ होगा। इससे तो सभी राज्यों को फायदा होगा, इससे तो देश के हर राज्य के लोगों को फायदा होगा। अगर मोदी यह कह रहे हैं कि वह विकसित भारत के लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं तो इसका मतलब यह है कि वह चाहते हैं कि देश के सभी राज्यों को विकसित राज्य बनाना होगा। जब देश के सभी राज्य विकसित राज्य के लक्ष्य को पा लेंगे तो देश अपने आप विकसित देश के लक्ष्य को पा लेगा। नीति आयोग का गठन देश के विकास के लिए किया गया है।इसकी बैठक बुलाई इसलिए जाती है कि इसमें सभी राज्यों के साथ बैठकर विचार किया जा सके कि देश व राज्यों के विकास के लिए क्या जरूरी है तथा राज्यों को इसके लिए क्या करना चाहिएऔर क्या नहीं करना चाहिए। अगर राज्यों के विकास के लिए केंद्र की तरफ से कुछ कहा जाता है तो राज्यों के उसे गंभीरता से लेना चाहिए और करना भी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि केंद्र सरकार जब नीति आयोग की बैठक बुलाए तो उसमें सभी राज्यों के सीएम को राज्य की राजनीति से ऊपर उठकर शामिल होना चाहिए और अपने राज्य व देश के विकास के लिए अपने विचार रखना चाहिए। इस बार केंद्र सरकार ने नीति आयोग की बैठक बुलाई तो जिन राज्यों में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों की सरकारें हैं, उन राज्यों की सीएम ने नीति आयोग की बैठक में आने से मना कर दिया। इसमें कर्नाटक, हिमाचल, तेलंगाना, तमिलनाडू, केरल, दिल्ली, पंजाब व झारखंड के सीएम ने बैठक में इसलिए शामिल होने से मना कर दिया कि इस बार के बजट में उनके राज्यों के साथ पक्षपात किया गया है। विपक्षी दलों का यह आरोप झूठ है क्योंकि बजट में सभी राज्यों को पैसा दिया जाता है, क्योंकि वह देश का वजट होता है, उसमें सभी राज्यों के विकास के लिए प्रावधान किया जाता है। ऐसा कभी नहीं होता कि कुछ राज्यों को बजट में पैसा दिया जाए और कुछ राज्यों के न दिया जाए, पैसा कम ज्यादा हो सकता है तो इसका अधिकार केंद्र सरकार के पास होता है कि वह राज्यों की जरूरत,आकार, आबादी के हिसाब से पैसा दे। केंद्र सरकार ने यही किया है। चूंकि विपक्ष ने बजट में पक्षपात करने का आरोप लगाया था इसलिए वह अपने आरोप का सही साबित करना चाहते थे इसलिए उन्होंने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया। विपक्ष की हमेशा कोशिश रहती है कि मोदी सरकार ने कुछ भी किया है तो वह गलत किया है। इसलिए मोदी सरकार कुछ भी करती है तो विपक्ष उसे गलत साबित करने का प्रयास करता है। मोदी सरकार ने बिहार व आंध्र को कुछ ज्यादा दिया है तो विपक्ष इसे गलत साबित करना चाहता है। विपक्ष ने नीति आयोग के बैठक के बहिष्कार के मामले में यह बताने की कोशिश की वह मोदी विरोध के लिए एकजुट है। लेकिन उसकी एकजुटता की पोल हमेशा की तरह ममता ने खोल दी है। जब सबने नीति आयोग की बैठक की बहिष्कार करने का फैसला किया तो ममता ने नीति आयोग की बैठक में शामिल होकर कांग्रेस को यह बताने की कोशिश की वह मोदी सरकार का विरोध अपने ढंग से करेगी, कांग्रेस जैसा विरोध चाहती है,वैसा विरोध वह नहीं करेगी।यह एक तरह से राहुल गांधी के विपक्ष के नेतृत्व करने का ही विरोध है। ममता व अखिलेश यादव को यह बुरा लगता है कि मोदी सरकार की सीटें कम करने का श्रेय तो अखिलेश व ममता को भी मिलना चाहिए लेकिन अकेले राहुल गांधी को यह दिया जा रहा है। संसद में टीएमसी ने राहुल गांधी के जैसा चाहा उसके विपरीत स्पीकर मामले में वोट की मांग की थी, बता दिया था वह राहुल गांधी को नेता नहीं मानते हैं।

विदेश

किशन सनमुखदास भावनानी

# भारतवंशी कमला हैरिस बनाम डोनाल्ड ट्रंप-सर्वे में कांटे की टक्कर ?



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में बदलते राजनीतिक परिपेक्ष की चपेट में अनेक देश आ चुके हैं, तो कुछ देश बाल बाल बच गए हैं। या दूसरे शब्दों में कहें तो अनेक देशों की सत्ता बदल गई है जिसमें ब्रिटेन नेपाल ईरान सहित कुछ देश है, तो भारत में भी सरकार बनाने के लिए बैसाखियों का सहारा लेना पड़ा है, जिसका असर हमने बजट 2024 में भी दो राज्यों को बजट एलोकेशन की बौछार के रूप में देखें।यह विषय आज हम इसीलिए उठा रहे हैं, क्योंकि दिनांक 27 जुलाई 2024 को देर शाम भारतवंशी अमेरिकी राष्ट्रपति कमला हैरिस ने 5 नवंबर 2024 को अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवारी के लिए नामांकन भर दिया है, जिसके बारे में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओखा ओबामा व उसकी पत्नी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए राष्ट्रपति के उम्मीदवार के रूप में उनका समर्थन किया है। बता दें जो बिडेन ने राष्ट्रपति चुनाव रेस से हटाने व कमला हैरिस का नाम आगे करते ही हैरिस ने जिन लोगों को समर्थन के लिए फोन किया था उसमें बराक ओबामा भी थे, उनके उम्मीदवारी पर हामीं भर दी गई है, फिरभी अंतिम निर्णय 19-22 अगस्त2024 को शिकागो में होने वाले सम्मेलन में होगा।बता देंशनिवार को जारी सर्वे रिपोर्ट में ट्रंप को 49 तो हैरिस को 47 प्रतिशत में दिखाया गया है, याने सर्वेक्षण की तुलना करें तो बड़ी टक्कर होने की पूरी संभावना है परंतु भारतवंशी कमला हैरिसके पूवर्जों के गांव तमिलनाडु के थुलसेन्द्रपुरम में खुशी का माहौल बन गया है पूजा अर्चना हो गई है बोर्ड लग गए हैं और पूरी उम्मीद की जा रही है कि उनकी बेटी कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव जरूर जीतेगी,जो रेखांकित करने वाली बातहै।यह जानकारी प्रिंट इलेक्ट्रानिकमीडिया से मैंने निकला हूं। चूंकि कमला हैरिस की जड़े भारतीय परंपराओं से जुड़ी है, पूवर्जों के गांव थुलसेन्द्रपुरम में मिठाइयां बांटकर खुशीयों के इजहार में भारतीयता की झलक सराहनीय है,इसलिए आज हम मीडिया मेंउपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीयों पर पहले विदेशी राज करते थे अब शक्तिशाली देशों का नेतृत्व भारतीय कर रहे हैं। भारतवंशी कमला हैरिस बनाम डोनाल्ड ट्रंप सर्वे में कांटे की टक्कर ?

साथियों बात अगर हम भारतवंशी के समभाव्य अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस के भारतीय कनेक्शन की करें तो कमला हैरिस ने नवंबर में होने वाले आमचुनाव में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए नामांकन भरा।पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी ने यह कहते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उनका समर्थन किया कि उनकी दोस्त अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति होंगी।अमरीका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से दावेवार होने से आम समर्थक अमरीकी मतदाताओं के साथ साथ प्रवासी और अप्रवासी भारतीयों में भी उल्लास का माहौल है। पिछली बार जब वे उप राष्ट्रपति बनी थीं तो तमिलनाडु में उनके पूवर्जों के गांव थुलसेन्द्रपुरम में जश्न मनाया गया था। उनके प्रति दीवानगी का आलम यह है कि मंदिर की एक दीवार पर दानदाताओं (डोनर्स) की लिस्ट लगी हुई है। इस पर कमला हैरिस का नाम भी लिखा हुआ है। यह दिगर बात है कि कमला हैरिस कभी इस गांव नहीं आईं। पुजारी ने मीडिया में बताया कि पिछली बार जब वह उप-राष्ट्रपति बनी थीं, तब हमने जश्न मनाया था। अब वे जब राष्ट्रपति बनेंगी तो यह जश्न और भी बड़ा होगा। हमें उम्मीद हैकि बतौर राष्ट्रपति वह एकबार गांव जरूरआएंगी गांव में रहने वाले एक सरकारी कमर्चारी ने बताया कि कमला हैरिस का नाम जुड़ा होने की वजह से उनके गांव को काफी फायदा मिला है। एक लोकल बैंक ने गांव के जलाशय को ठीक करवाने के लिए 1 करोड़ रुपए दान किए थे। ये सिर्फ हैरिस की वजह से ही हो सका।पैसे भी दान,मंदिर में पूजा-अर्चना और प्रसाद के लिए पूरे गांव से लोग सामान दान करते हैं। हैरिस के नाना दशकों पहले इस गांव में रहते थे। लेकिन गांववालों ने बताया कि उनके जाने के बाद भी उनका परिवार हमेशा संपर्क में रहा। वे मंदिर और गांव की देखरेख के लिए पैसे भी दान करते रहे हैं।भारतीय मूल की कमला हैरिस का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी से उम्मीदवार बनना तय माना जा रहा है। इस बीच कमला के ननिहाल तमिलनाडु का थुलसेन्द्रपुरम गांव उनके समर्थन में लगे पोस्टरों से पटा हुआ है।कमला हैरिस के नाना पीवी गोपालन इसी गांव के रहने वाले थे। गांव के दरवाजे पर ही एक मंदिर के बाहर कमला हैरिस की तस्वीर के साथ एक बैनर लगा हैबाइडेन के राष्ट्रपति पद की रेस से पीछे हटते से ही इस मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू हो गई थी, जो अमेरिका में वोटिंग के दिन तक जारी रहेगी।मंदिर के मुख्य पुजारी ने सूयोदय के कुछ घंटों बाद, हिंदू देवता धर्मसस्थ को मिठाई औरचावल की खीर का प्रसाद चढ़ाकर पूजा की। 61 साल के पुजारी ने कहा, हमने पहले भी उनके लिए पूजा की थी और वह अमेरिका की उप-राष्ट्रपति बन गईं। हमारे भगवान के आशीर्वाद से वे राष्ट्रपति भी बनेंगीतमिलनाडु में पैदा हुई थीं कमला हैरिस की मां,अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 59 साल की हैं। उनका जन्म कैलिफोर्निया में हुआ था, लेकिन उनकी मां कई बार उन्हें भारत ला चुकी हैं कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन ईसाई धर्म को मानती हैं,जबकि उनके पिता यहूदी हैं। श्यामला एक ब्रेस्ट कैंसर रिसर्चर हैं,जो बाद में तमिलनाडु से जाकर अमेरिका में बस गई थीं। कमला के पिता जमैका-अमेरिका मूल के डोनाल्ड जे हैरिस हैं। श्यामला और डोनाल्ड की शादी 1963 में हुई थी।1964 में कमला हैरिस का और 1966 में उनकी बहन माया का जन्म हुआ था। 1970 में पिता डोनाल्ड से तलाक के बाद मां श्यामला ने ही कमला और उनकी बहन माया की अकेले परवरिश की। कमला ने 2014 में अमेरिकी वकील डौग एम्होफ से शादी की थी। साथियों बात अगर हम कमला हैरिस के पूवर्जों के गांवतमिलनाडु के थुलसेन्द्रपुरम में मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाने की करें तो,कमला हैरिस के 19-22 अगस्त 2024 को पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार घोषित होने की पुरजोर संभावना है। लिहाजा भारत में हैरिस के नाना-नानी के गांव में चुनाव को लेकर दिलचस्पी बेहद बढ़ गई है। एसोसिएटेड प्रेस के सर्वे के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ डेमोक्रेटिक पार्टी की आधिकारिक उम्मीदवार बनने के लिए कमला हैरिस को काफी डेमोक्रेट डेलीगेट्स का समर्थन मिला है।59 वर्षीय कमला हैरिस की फोटो के साथ एक बड़ा बैनर सोमवार को गांव के बीचोंबीच लगाया गया है।गांव के मंदिर में विशेष पूजा अचर्ना की जा रही है. मिठाइयां बांटी जा रही हैं।रिटायर्ड बैंक मैनेजर कहा, दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश में इस जगह पहुंचना कोई मजाक की बात नहीं है। कमला हैरिस पर हमलोगों को गर्व है। पहले भारतीयों पर विदेशी राज करते थे और अब शक्तिशाली देशों का नेतृत्व भारतीय कर रहे हैं।कमला हैरिस के 2020 में उपराष्ट्रपति बनने पर गांव में खूबआतिशबाजी की गयी थी। पोस्टर और कैलेंडर लगाए गए थे।एक सामुदायिक भोज का भी आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ों लोगों को दक्षिणी भारत का पारम्परिक डिश इडली-सांबर खिलाया गया था। हैरिस के एक रिश्तेदार के अनुसार सांबर-इडली हैरिस का पसंदीदा भोजन है,हालांकि कमला हैरिस कभी भी इस गांव में नहीं आईं लेकिन गांववालों का जोश कम नहीं है। हैरिस चेन्नई तो आयी हैं लेकिन गांव कभी नहीं गईं। गांववालों का कहना है कि अब कोई उनका एकदम से नजदीकी रिश्तेदार यहां नहीं रहा।खासकर महिलाओं में एक गर्व का भाव है। हैरिस को वो अपनों की तरह देखती हैं और एक प्रतीक के रूप में भी देखती हैं कि महिलाओं के लिए कहीं भी कुछ भी असंभव नहीं है।गांव के स्थानीय निकाय प्रतिनिधि कहती हैं,गांव में सब जानते हैं उन्हें. यहाँ तक कि बच्चे भी जानते हैं। गांव में सब उन्हें अपनी दीदी कहकर बुलाते हैं।वो कहती हैं,हमलोग खुश हैं की हैरिस अपनी जड़ों को नहीं भूली हैं इस गांव में रहने वाले एक और शख्स का कहना है कि अगर कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति बनती हैं तो तमिलनाडु सरकार को यहां अमेरिकी निवेश लाने की कोशिश करनी चाहिए।कमला हैरिस की जड़ें भारतीय परंपराओं से जुड़ी हैं। एक अंग्रेजी अखबार में छपी खबर के मुताबिक़, माँ की मृत्यु के बाद वो हिन्दू रीति रिवाज के मुताबिक़ उनकी अस्थियां समुद्र में प्रवाहित करने अपनी बहन के साथ चेन्नई आयी थीं।2021 में अमेरिका की पहली महिला, पहली ब्लैक और दक्षिण एशियाई मूल की उपराष्ट्रपति बनी कमला हैरिस ने इतिहास रच दिया था।तमिलनाडु की ब्रेस्ट कैंसर रिसर्चर श्यामला गोपालन की बेटी कमला हैरिस 1958 में अमेरिका चली गईं। उनके पिता डोनाल्ड हैरिस जमैका के थे।2023 में कमला हैरिस ने ट्वीट किया था।19 वर्ष की आयु में मेरी माँ श्यामला अमेरिका अकेली आ गयी थीं, वो एक शक्ति थीं-एक वैज्ञानिक, सिविल राइट एक्टिविस्ट माँ थी जिसने अपनी दोनों बेटियों में गर्व के भाव भरे।कमला हैरिस एक विशिष्ट परिवार से आती हैं। उनके मामा गोपालन बालाचंद्रन एक विद्वान व्यक्ति थे।उनके नाना पीवी गोपालन भारतीय सिविल सविर्सेज अधिकारी थे, जिनकी विशेषज्ञता विस्थापितों के पुनर्वास जैसे विषयों में थी। 1960 में उन्होंने जाम्बिया के पहले राष्ट्रपति के सलाहकार के रूप में सेवाएं दी थीं। व्हाइट हाउस में सेवाएं देने से पहले कमला हैरिस कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल थीं और अमेरिकी सीनेट के सदस्य के रूप में काम किया था दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सैद्धांतिक भौतिकी के प्रोफेसर औरश्यामला गोपालन के क्लासमेट प्रोफेसर आर. राजाराम ने बताया वो एक अहमशख्सियत हैं।कई सालों से ऐसा लग रहा था कि वो कुछ महत्वपूर्ण करने वालीहैं।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज सहज तरीके से अपने कामों को करते चलेंगे तो काम का ज्यादा बोझ नहीं रहेगा। आज आप बच्चों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखें। समय रहते उचित कदम उठाने से परिस्थितियों संभल जाएंगे। किसी पुराने मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे। जीवन साथी आपसे प्रभावित होंगे, जिससे आपसी रिश्ता मजबूत होगा।

वृष राशिःआज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित लिया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। आज दोस्तों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक भी रहेगा। पौष्टिक भोजन को करे जिससे आपकी सेहत में सुधार होगा।

मिथुन राशिःआज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।

कर्क राशिःआज आपका दिन ठीक- ठाक रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी ,साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। आज कार्यक्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों में सुधार आएगा और सहयोगी तथा कर्मचारियों के साथ चल रहा कोई पुराना मतभेद दूर होगा। ऑफिशियल मामलों में थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। अपना आत्मबल जगाने की कोशिश करना जारी रखना होगा जिससे विपरीत स्थितियों का आप सामना कर सकेंगे। आपका स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा।

सिंह राशिःआज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यस्तता के बावजूद घर परिवार में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। आज आप खुद को मजबूत रखेंगे। कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने में भी सक्षम रहेंगे। परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का अवसर मिलेगा। प्राइवेट कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज मीडिया से जुड़े व्यवसाय में लाभदायक स्थिति बनेगी।

कन्या राशिःआज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। घर में नजदीकी संबंधियों का आगमन होगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज घर के बड़े बुजुर्गों क स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर बनाए रखेंगे। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका इम्प्रैशन लोगों पर साफ दिखेगा।

तुला राशिःआज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है , लेकिन धैर्य बनाए रखें। आपको पैसे की जरूरत होगी, वह आपको किसी करीबी से मिल जाएगा।

धनु राशिःआज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। किसी रिश्तेदार के घर दावत पर जाएंगे, जहां सभी लोग एंजॉय करते हुए नजर आएंगे। आपके कुछ खास काम में आज रूकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जायेगा। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। इस राशि की महिलाएं ऑनलाइन कोई रेसिपी सीख सकती हैं।

मकर राशिःआज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ देवी मां के दर्शन के लिए मंदिर जाएंगे। बुजुर्गों की सेवा करें जिनका आशीर्वाद आपको मिलेगा, आप जल्द ही सफल होंगे। घुटनों की बीमारी का आज सफल इलाज होगा, दर्द से राहत मिलेगी। संतान से आपको खुशी मिलेगी। साथी को चॉकलेट गिफ्ट करने से उन्हें खुशी मिलेगी।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र-छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे।

मीन राशिःआज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। आपको धन लाभ के एक से अधिक माध्यम मिलेंगे।प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा।

# अपने-अपने दुःख

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



हम उस भयानक काल के साक्षी हैं जहाँ अपनों के लिए आँसू सूखते जा रहे हैं। ऐसे में गैरों के लिए रोना बहुत बड़ी बात है। और मेरी माँ इसी बड़ी बात को चरितार्थ करने की मजबूरी का दूसरा नाम है। जी हाँ मेरी माँ रुदाली है। रोना कभी हमारा खानदानी पेशा हुआ करता था। हमने जितनी बार यह पेशा छोड़ना चाहा उतनी बार हमें इसे बचाए रखने के लिए मजबूर किया गया। कहा गया कि जिनका काम रोना होता है उन्हें ज्यादा नखरे नहीं दिखाना चाहिए। वरना इलाके से नमक-पानी उठ जाएगा। हैं तो समाज का अंग ही। कैसे उन्हें चुनौती देते? किसी की खुशी के वास्ते हम रोए जा रहे हैं। पहले भी रोते थे, आज भी रोते हैं और कल भी रोयेंगे। ऐसा नहीं है कि हम मुफ्त में रोते हैं। रोते तो पैसे लेकर ही हैं, लेकिन सामने वाला यह क्यों भूल जाता है कि रोने के लिए आँखें नहीं एक जीता जागता दिल चाहिए होता है। हम जिनके यहाँ रोने जाते हैं, उनके यहाँ सब कुछ बड़ा होता है। घर बड़ा, बगीचा बड़ा, मैदान बड़ा, गाड़ी बड़ी, शौक बड़े। सब बड़ा ही बड़ा। यदि कुछ छोटा है तो उनका हृदय। उनकी सोच। ऐसे लोगों की आँखों से नमी की अपेक्षा करना मतलब रेगिस्तान में धान की खेती करने के बराबर है। ऐसा नहीं है कि इनके पास आँसुओं की कमी है। आँसू बहुत हैं लेकिन अपनों के लिए नहीं। उन कुत्ते, बिल्लियों के लिए है जिन्हें वे अपनी जान से भी ज्यादा चाहते हैं। जिनके मरने पर अन्न-जल का त्याग कर देते हैं। इष्ट जीवों के प्रति दुःखी और अपनों के लिए शून्य हो जाना ही शायद ह्यबड़े लोगह्न कहलाने की निशानी है। मेरी पीड़ा तो और भी विचित्र है। रुदालियों के साथ-साथ सिर मुंड़वाने के लिए भी लोग चाहिए होते हैं। जब-जब माँ को रोने के लिए बुलाया जाता तब-तब मुझे साथ लाने के लिए कह दिया जाता। पहले पहल मुझे समझ नहीं आया कि आए दिन मेरे सिर से बाल क्यों गायब हो जाते हैं। इस प्रथा ने मुझे केशविहीन कर दिया है। लाख चाहने पर भी अब बाल नहीं उग रहे हैं। मानो बाल मुझसे कह रहे हों कि जब तुम ने मेरी कद्र नहीं कि तो मैं भला तुम्हारी कद्र क्यों करूँ। उसके कद्र न करने का परिणाम यह हुआ कि मेरी अब तक शादी नहीं हो रही है। रिश्ता आ भी रहा है तो किसी कानी-लूली का। रोने और सिर मुंड़वाने के चक्कर में हम कहीं के न रहे। यह प्रथा पहली जितनी तो नहीं लेकिन जितनी भी है, उतने में अधिक पीड़ा दे रही है। जो भी हो हम किसी की मुस्कुराहटों पर तो नहीं दुःख में जरूर निसार होते हैं और किसी का दर्द उधार के बदले कमाकर लेते हैं। शायद जीना इसी का नाम है।

# क्या ज्यादा रनिंग करने से आपके घुटने खराब हो सकते हैं?

क्या आप जानते हैं कि जब आप चलते हैं, तो आपके घुटने आपके शरीर के हर पाउंड वजन के साथ लगभग डेढ़ पाउंड का तनाव झेलते हैं? और जब आप दौड़ते हैं, तो यह तनाव चार पाउंड तक बढ़ जाता है. हमारे घुटने हर कदम के साथ इस झटके को सहन करते हैं. इसी वजह से, बहुत से लोग मानते हैं कि दौड़ने से घुटनों को नुकसान हो सकता है. उनका मानना है कि दौड़ने से कार्टिलेज (घुटनों के बीच का गद्दा) टूट सकता है और पहले से कोई समस्या हो तो वह बढ़ सकती है. लेकिन क्या यह सच है? आइए जानते हैं

एक शोध के अनुसार, दौड़ना अपने आप में घुटनों के लिए बुरा नहीं है. लेकिन अगर दौड़ने वाले लोग सावधानी नहीं बरतते, तो घुटनों में दर्द हो सकता है. अच्छे जूतों के साथ दौड़ना हेल्थ के लिए फायदेमंद है. रोजाना दौड़ने से घुटनों में तरल बढ़ता है, जो उन्हें चिकना रखता है और गठिया का खतरा कम करता है.

**जानें क्यों होता है घूटनों में दर्द** -हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि दौड़ने वालों को घुटनों में दर्द नहीं हो सकता. दौड़ते समय घुटनों पर असर डालने वाले कई कारण होते हैं. अगर कूल्हे या जांघ की मांसपेशियां कमजोर हैं, तो घुटने में चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है. ज्यादा वजन भी घुटनों पर दबाव बढ़ाता है, जिससे चोट का खतरा होता है. लेकिन वजन कम करने से घुटनों पर दबाव कम हो सकता है. धावकों में सबसे आम चोट पेटेलोफेमोरल पेन सिंड्रोम (क्कस्नक्क) होती है. इस समस्या में घुटने के नीचे, ऊपर या सामने दर्द होता है.

**अचानक ज्यादा दौड़ना-** अगर आपने अचानक अपनी दौड़ने की दूरी या समय बढ़ा दिया है, तो यह चोट लगने का एक मुख्य कारण हो सकता है. इसे सुधारने के लिए धीरे-धीरे अपनी दौड़ने की दूरी और समय बढ़ाएं. इससे आपके घुटनों को नए दबाव के अनुकूल होने का समय मिलेगा.

**स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज-** कोर मसल्स (मध्य भाग की मांसपेशियां) को मजबूत करने के लिए एक्सरसाइज करें. इससे दौड़ते समय आपका फॉर्म सही रहेगा और घुटने की चोट का खतरा कम होगा. मजबूत मांसपेशियां आपके घुटनों को बेहतर सहारा देती हैं.

**सही दौड़ने की तकनीक-** दौड़ते समय सही तकनीक का इस्तेमाल करें. गलत तरीके से दौड़ने से घुटनों पर अधिक दबाव पड़ता है. दौड़ते समय अपने कदम छोटे और हल्के रखें.

**सही जूते-** हमेशा अच्छे क्वालिटी के दौड़ने वाले जूते पहनें, जो आपके पैरों और घुटनों को सही सपोर्ट दें. पुराने या घिसे-पिटे जूते इस्तेमाल न करें.

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# आईएएस बनने आए थे लेकिन नाकारा सिस्टम ने मौत दी!



देश की राजधानी दिल्ली में एक नामी गिरामी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में अचानक पानी भर जाने से तीन छात्रों की दुःखद मौत जहाँ बेहद हृदयविदारक है, वहीं राजधानी दिल्ली के नाकारा रिश्वतखोर पंगु प्रशासन की धूतर्ता भरी कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान है। जो प्रतिभावान युवा भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुन कर आईएस आईपीएस बनकर देश को चलाने वाले सिस्टम का अंग बनने का सपना संजो कर अपने घर परिवार शहर से सैकड़ों हजारों किलोमीटर दूर कोचिंग करने आए थे उनको कोचिंग संस्थानों की अधिकाधिक कमाई करने और सिस्टम की घातक लापरवाही के कारण असमय अपनी जान गंवानी पड़ी। इस हादसे से समूचे देश में विशेष कर छात्रों में आक्रोश और नाराजगी है, क्योंकि यह हादसा बहुत हृदय विदारक व तीन परिवारों को उनके चिरागों को बुझा कर जीवन भर के लिए ऐसे दुख में धकेलने वाला है जिसकी कोई भरपाई नहीं हो सकती है।



कितने शमर्सार करने वाली बात है कि राजधानी दिल्ली के बीचोंबीच जहां कानून व्यवस्था के राज की गारंटी मानी जाती है और देश के दूर दराज के प्रदेशो से हजारों की संख्या में युवा बेहतर कोचिंग संस्थान में पढ़ कर उच्च पदों पर आसीन होने का सपना लेकर आते हैं यहां भारी भरकम फीस चुकाने के बाद भी उन्हें इतना असुरक्षित स्थानों पर पढने और रहने की जगह मुहैया करायी जा रही है जहां कभी अग्निकांड में कभी करंट आने से कभी सीवर के खुले ढक्कन से गिरने से तो अब बेसमेंट में अचानक पानी भर जाने से जान गंवानी पड़ती है। जाहिर है कि बेशक हम विकास के बड़े बड़े दावे करे विदेशी राजनेताओं को दिखाने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर फर्जी सजावट और दिखावा करें लेकिन हकीकत में भ्रष्टाचार से लबरेज सरकारी मशीनरी और लालची कार्पोरेट और बंदरबांट कर रहे राजनीतिक दबंगों के बीच तिरोहित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। राजेंद्र नगर के कोचिंग संस्थान का हादसा भी इसी सब का एक उदाहरण है। आप को विदित रहे कि 27 जुलाई शनिवार की शाम राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर को लाइब्रेरी में अचानक भारी मात्रा में पानी भर जाने से तीन छात्रों की ददर्नाक मौत हो गई। मरने वालों में 2 छात्राएं और 1 छात्र शामिल है। मृतक छात्रा श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी, वहीं तान्या सोनी तेलंगाना की रहने वाली थी। मृतक छात्र की पहचान केरल के एर्नाकुलम निवासी नवीन दल्विन के रुप में हुई है। इस हादसे के बाद एक तरफ जहां राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है, तो दूसरी तरफ दोषारोपण का खेल भी। कुछ राजनेता कोचिंग संस्थान को दोषी ठहरा रहे हैं, तो कुछ दिल्ली सरकार को दोषी मान रहे हैं। हकीकत यह है कि अधिक कमाई के लालच में कोचिंग संस्थान के संचालक बहुत तंग जगहो पर बड़ी संख्या में बच्चों को एडमिशन दे कर नाकारा सिस्टम को चौथ देकर कोचिंग सैंटरल चलाते हैं उनमे से अधिकांश के पास फायर व दूसरे सरकारी विभागों की एनओसी तक नहीं होती है हादसे वाले कोचिंग सेंटर में भी बेसमेंट में लाइब्रेरी और क्लास चलाकर सैकड़ों छात्रों के जीवन से खिलवाड़ की जा रही थी। गौरतलब है कि हर साल हजारों की संख्या में देश भर से छात्र बेहतर एक्सपट्र्स से परिक्षा उपयोगी गाइडेंस व कोचिंग लेकर देश की तमाम सरकारी नियुक्ति परिक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं । ऐसे में सेलेक्शन और बेहतर भविष्य का सपना आंखों में संजोए छात्र बड़े ही उत्साह से प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रतिष्ठित और बड़े नाम धारी कोचिंग संस्थाओं में एडमीशन भी लेते हैं। इन कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए छात्रों से लाखों रुपए फीस ली जाती है। उन्हें बेहतर पढ़ाई का माहौल सुविधाओं व सलेक्शन का भरोसा दिया जाता है, बावजूद इसके ये संस्थान मूल भूत सुरक्षा संबंधी नियमों की भी उपेक्षा करते हैं। मौजूदा हादसा कोई पहला मामला नहीं है, इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं।पिछले दिनों 14 अप्रेल को कोटा के एक कोचिंग सेंटर में आग का हादसा हुआ आठ छात्र झुलस गए जबकि एक छात्र चौथी मंजिल से कूद कर जान गंवा दिया। वहीं 24 मई को गुजरात के तक्षशिला अपाटर्मेंट में चल रहे एक कोचिंग में आग की घटना में 23 छात्रों की मौत हो गई थी। राजेंद्र नगर के कोचिंग इंस्टीट्यूट में अचानक पानी घुसने का मामला हो या फिर मुखर्जी नगर की कोचिंग में आग लगने का, आए दिन भारी लापरवाही सामने आती है? सवाल है कि बेसमेंट में लाइब्रेरी क्यों बनायी गयी थी और यदि बना भी था, तो आपातकाल में निकलने के लिए रास्ता क्यों नहीं बनाया गया था। आमतौर पर अक्सर दुर्घटना घटित होती है और बच्चों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है लेकिन कोचिंग संचालकों प्रशासन और सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता है। इस बात पर भी आश्चर्य हो रहा है कि नियम तो कहता है कि किसी भी व्यावसायिक केंद्र के लिए फायर की क्लियरेंस जरूरी है। क्या फायर विभाग के अधिकारियों ने कभी इस इंस्टीट्यूट के भीतर कदम नहीं रखा था। इस हादसे को लेकर दिल्ली सरकार पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि नालों की सफाई नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ, क्योंकि एक नाला टूट गया था। ऐसे भी दिल्ली में 10 मिनट की तेज बारिश में सड़कों पर पानी भर जाता है। दिल्ली के कई इलाकों में हर साल पानी भरने की घटनाएं सामने आती रही हैं। जिस क्षेत्र में ये कोचिंग सेंटर है, वहां भी ऐसी शिकायतें आती रही है। फिर भी कोई उपाय क्यों नहीं किया गया। यहां पड़ने वाले छात्रों की मानें तो हर साल बारिश में यहां की सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाता है। बावजूद इसके उन्हें कोचिंग जाना पड़ता है। छात्रों ने सवाल उठाए कि यह रूल है बेसमेंट में कोचिंग चल ही नहीं सकती, इसके बाद भी यहां सैकड़ों लाइब्रेरी और कोचिंग बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं। आज पानी भरने की घटना से छात्रों की मौत हुई, कल आग या करंट से भी हादसा नहीं हो सकता है इस की क्या गारंटी है? इसलिए जरूरत है कि इस हादसे से सबक लिया जाए और देश के सभी शहरों में तमाम कोचिंग संस्थान के भवनों की भौतिक मजबूती की पड़ताल वहां मूलभूत सुविधाएं पेयजल टायलेट स्वच्छ हवा के साथ आवागमन के लिए पर्याप्त रास्ता आकस्मिक आपदा पर निकासी की व्यवस्था बिजली आग करंट से बचाव के लिए सभी उपाय किए गए हैं या नहीं इन सबकी बाकायदा एनओसी अनिवार्य होनी चाहिए ताकि जानबूझकर अपने सपनों को पूरा करने के लिए कोचिंग संस्थान आने वाले महत्वाकांक्षी प्रतिभाशाली युवाओं को किसी हादसे का शिकार न बनना पड़े। आमतौर पर राजनीतिक दल परस्पर दूसरे सत्ताधारी दल के खिलाफ प्रदर्शन कर अपने दायित्व की पूर्ति करने का नाटक करते हैं लेकिन यह समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। सभी राज्यों को अपने जिला प्रशासन को एडवाइजरी जारी कर तमाम कोचिंग संस्थानों, इंजीनियरिंग व मेडिकल कालिजो के क्लास रूम व हास्टल की भी दुर्घटना की दृष्टि से पड़ताल कराने का निर्देश देना चाहिए।

एक नजर

## दो सूत्रीय मांगों को लेकर नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी एक दिवसीय धरने पर




**नारायणपुर 30 जुलाई।** आज सोमवार को नवनियुक्त अधिकारी/ कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर नगर पालिका नारायणपुर जिला नारायणपुर के नियमित कर्मचारियों द्वारा दो सूत्रीय मांग को लेकर साफ्ताहीक रविवार बाजार स्थल पर बैठे है इनकी दो सूत्रीय मांगो में शासकीय कर्मचारियों की भांति प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान तथा नगरी निकाय में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से बाजार स्थान बाजार पारा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए माननीय मुख्यमंत्री छत्तीगढ़ शासन के नाम कलेक्टर जिला नारायणपुर को ज्ञापन सौंपा गया । उक्त धरना प्रदर्शन में नगर पालिका नारायणपुर के नियमित अधिकारी/कर्मचारी हिमांशु कवाडे ,रामचंद्र यादव, अजय राय ,निताई सरकार ,भक्त प्रहलाद ,भूषण लाल, विमला पात्र, मंजू बघेल ,पप्पी भारती शामिल हुए।

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने प्रावीण्य सूची जारी

**जगदलपुर, 30 जुलाई।** समाज कल्याण विभाग के द्वारा 'क्षितिज-अपार संभावनाएं' के अंतर्गत जिले के दिव्यांग मेघावी छात्र-छात्राओं को माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्ष 2023-24 के तहत सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु एकीकृत प्रावीण्य सूची प्राप्त कर तैयार किया गया है। जिसका प्रकाशन कार्यालय जिला पंचायत जिला बस्तर के सूचना पटल पर किया गया है। उक्त प्रावीण्य सूची के संबंध में किसी भी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दावा-आपत्ति हो तो वे 12 अगस्त 2024 को दोपहर 3 बजे तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण जगदलपुर जिला बस्तर में पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति का विचार नहीं किया जाएगा।

## नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा

**उत्तर बस्तर कांकेर, 30 जुलाई।** राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद कांकेर ने बताया कि जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के तहत् नगरीय निकायों के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे किया जाएगा। निर्धारित तिथि अनुसार 30 जुलाई को कांकेर शहर के रंगमंच के पास अलबेलापारा वार्ड, शीतलापारा वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र में और एमजी वार्ड रंगमंच दुर्गा चौक में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 31 जुलाई को माहुरबंदपारा वार्ड सांस्कृतिक भवन, श्रीरामनगर वार्ड रंगमंच, शांतिनगर वार्ड के सांस्कृतिक भवन में, 01 अगस्त को शिवनगर वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र, भण्डारीपारा वार्ड के रंगमंच तथा कंकालीनपारा वार्ड के रंगमंच में, 02 अगस्त को उदयनगर वार्ड के रंगमंच बीटीआई कॉलोनी, महादेव वार्ड के प्रैक्टिसिंग स्कूल भवन में, बरदेभाटा वार्ड के रंगमंच स्कूल के पास, 05 अगस्त को जवाहर वार्ड के वन्दे मातरम स्थल, मांझापारा वार्ड के वाचनालय में, अगहन नगर वार्ड के रंगमंच में, 06 अगस्त को संजयनगर वार्ड के सांस्कृतिक भवन में, सुभाष वार्ड के रंगमंच शिव मंदिर के पास, जनकपुर वार्ड के यादव भवन मेलाभाटा स्थल, 07 अगस्त को आमापारा वार्ड के रंगमंच में, अन्नपूर्णापारा वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र और राजापारा वार्ड रंगमंच नीम चौक में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## जन हानि के 8 मामलों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**धमतरी 30 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से जिले के मृत 8 लोगों के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। इनमें धमतरी तहसील के ग्राम उरपुटी निवासी श्री ईश्वर की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सोनबती को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। इसी तरह हरफतराई के श्री माहीर बंजारे की पानी में डूबन से मृतयु हाने पेर उनके पिता श्री पप्पू बंजारे को, ग्राम पुरी की श्रीमती ताजीन बाई की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति श्री दयालूराम को, श्यामतराई के श्री टोकेश्वर ध्रुव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता श्रीमती चंदाबाई मरकाम को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह नगरी तहसील के ग्राम डमकाडीह निवास कुमारी दुर्गा सोरी की शासकीय प्राथमिक स्कूल चुरियारा के बाउंड्रीवॉल गिरने की वजह से मृत्यु होने पर उनकी माता श्रीमती पूर्णिमा नेताम को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। कुकरेल तहसील के ग्राम सियादेही निवासी विकेश कुमार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता श्री प्रीतराम ध्रुव को, ग्राम कुकरेल के श्री फगनूराम पहरिया की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती ललिता पहरिया को और ग्राम दरगहन की श्रीमती पूसई बाई निषाद की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र श्री थान सिंह निषाद को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## जनदर्शन में मिले 99 आवेदन

**धमतरी 30 जुलाई।** शासन की मंशानुरूप आमजनों की समस्या, शिकायत और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन हर सोमवार को किया जाता है। आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम ने जिले के वनांचल एवं दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या, शिकायत और मांगों को गंभीरता से सुना और उन पर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# कोंटा मोटू पुल के घटिया निर्माण को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 30 जुलाई।** ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश नाग के द्वारा सेतु विभाग द्वारा कोंटा मोटू पुल की घटिया निर्माण को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।ज्ञात हो की प्रदेश के अंतिम छोर पर बसे कोंटा नगर को उड़ीसा राज्य से जोड़ने के लिए सेतु विभाग द्वारा ढोंढरा के करीब शबरी नदी पर 32 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। विगत 8 वर्षों से उक्त पुल का निर्माण जारी है। हाल ही में पुल के दोनो तरफ एप्रोच मार्ग का निर्माण कराया गया है, लेकिन पहली बारिश में ही एप्रोच मार्ग कट गया है। इन दिनो सुकमा जिले में हो रही भारी बारिश से एप्रोच मार्ग कई जगह से कटने लगा है। घटिया एवं स्तरहीन निर्माण कार्य के कारण एप्रोच मार्ग कटने की कगार पर पहुंच गया और आने वाले दिनों में ओड़िसा से छत्तीसगढ़ का सड़क संपर्क पूरी तरह से टूटने की संभावने नजर आ रही है। छत्तीसगढ़ सेतु निर्माण विभाग उक्त कोंटा मोटू पुल को पूर्ण करने बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

वर्ष 2016 में पुल की स्वीकृति तत्कालीन भाजपा की सरकार में मिला थी। जिसके बाद वर्ष 2017 में पुल का काम शुरू किया गया। पुल निर्माण की भूमि पूजन के वक्त ये दावा किया गया था कि शबरी नदी पर पुल बनने से कोंटा नगर वासियों समेत ओड़िसा के लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही हर साल शबरी नदी के उफान पर होने के बावजूद जान जोखिम में डालकर नदी पार करने की मजबूरी से छुटकारा मिलेगा। लेकिन महोदय करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी

का लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल रहा है। पुल छत्तीसगढ़ सेतु निर्माण विभाग, कोंटा मोटू पुल के ठेकेदार पर हद से ज्यादा मेहरबान नजर आ रहे हैं। 2017 से जारी पुल की समय अवधि खत्म होने के बाद भी लगातार बिना किसी अर्थदंड या पेनाल्टी के निर्माण का समय बढ़ाया जा रहा है। टाइम एक्टेंशन के साथ-साथ विभागीय अधिकारी संबंधित ठेकेदार को भुगतान भी कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ सेतु विभाग के अफसर निर्माण में धीमि गति का हवाला देकर सुकमा जिले में 5 पुल को निरस्त कर चुके हैं। विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि व्यक्ति विशेष निर्माण कंपनी के ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जबकि सुकमा नक्सल प्रभावित जिला है। जिसके चलते सालों से विकास अंदरूनी इलाकों में नहीं हुए । यही वजह है कि इलाके के नदीं नालो पर पुल का निर्माण नहीं किया जा सका।एक ही विभाग में जिम्मेदार अफसर, निर्माण कार्यों को लेकर अलग-अलग मापदंड अपना रहे हैं।सेतु निर्माण विभाग की मुख्य कार्यपालन अभियंता प्रज्ञानंद द्वारा जानबूझकर और पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। वर्क प्रोग्रेस का बहाना बनाकर जिले के लिए बेहद महत्वपूर्ण पुलों को निरस्त किया गया है। 5 पुलों को निरस्त किया गया है जो वर्तमान में निर्माणाधीन है। बारिश के बाद 6 से 8 महीने में बनकर तैयार भी हो जाएंगी। जिससे इलाके के लोगों को लाभ मिलेगा।जिला प्रशासन से आपसे निवेदन है कि सेतु विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली को देखते हुए पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का कष्ट करें।

# गांव-गांव में जगा रहे स्वच्छता की अलख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 30 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक शनिवार को पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत मोहड़ एवं कोकपुर में स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए। स्कूली बच्चों द्वारा नागरिकों को जागरूक करने तथा पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए पेंटिंग तथा पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया गया। साथ ही नुक्कड़ नाटक एवं कविता के माध्यम से लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया गया।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने घर से निकलने वाले गीला कचरा एवं सुखा कचरा को अलग अलग रखने तथा गीला कचरे की निपटान घरेलू स्तर पर करने और सुखा कचरा का निपटान संग्रहणकर्ता स्वछताग्राही दीदियों को देने के लिए कहा। इसके लिए प्रति परिवार 30 रूपये शुल्क देने हेतु जानकारी दी। उन्होंने सभी बच्चों एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ अपने घर, गली, मोहल्ले को साफ रखने कहा। कार्यक्रम में बच्चों तथा ग्रामवासियों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। साथ ही मिशन लाईफ की जानकारी दी गई। एबिस पहल की ओर से सभी वालेंटियर द्वारा नुक्कड़ नाटक तैयार कर प्रस्तुति दिया गया। ग्राम पंचायत मोहड़ के स्कूल परिसर में जिला पंचायत सीईओ, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों के द्वारा पौधारोपण किया गया। सीईओ जिला पंचायत द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों तथा बच्चों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत से जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, यूनिसेफ से श्री बसंत मारकंडे तथा जनपद पंचायत से श्री होरीलाल साहू, एसीईओ, मेघा कुर्रे बीसी, करारोपण अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक साथ ही सभी कर्मचारी एवं पंचायत के सरपंच सचिव उपस्थित हुए।

# मौसमी बीमारियों से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर,30 जुलाई।** जिले में मानसून के साथ मौसमी बीमारियां भी बढ़ने लगी हैं। डायरिया और मलेरिया के साथ ही कई बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां रखने के साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य महकमा और संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा जिले में मौसमी बीमारियों को दृष्टिगत करते हुए उनकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर समसामयिक सलाह जारी की गई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जिले के किसी भी क्षेत्र में मलेरिया, डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों की जानकारी मिलने पर तुरंत स्वास्थ्य शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार करें। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने जैसे खाने की वस्तुओं और पानी को ढंककर रखने, बासी भोजन व सड़े-गले फलों तथा सब्जियों का सेवन न करने और हमेशा ताजा भोजन करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि दस्त होने पर ओ.आर.एस. (जीवन रक्षक घोल) बनाकर थोड़ी-थोड़ी देर में पीते रहें, पानी को उबालकर या क्लोरीन की गोली डालकर ही पीने के लिए उपयोग में लाएं। इसके साथ ही भोजन से पूर्व और शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह अनिवार्य रूप से धोएं। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए दस्त शुरू होने के तुरन्त बाद ही घरेलू उपचार आरंभ करने, नारियल पानी का सेवन करने, नमकीन लस्सी, नींबू की शिकंजी, चावल का मांड, हल्की चाय या दाल का पानी पीने की सलाह दी है ताकि शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनी रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने यह भी बताया कि जिले में हर आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला एवं ब्लाक स्तर पर कॉम्बेट टीम का गठन किया गया है। साथ ही ग्राम व पारा स्तर पर स्वास्थ्य मितानिनों से लेकर प्रत्येक सरकारी अस्पतालों में दवाइयों का पर्याप्त भण्डारण किया जा चुका है। जिले के समस्त छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में छात्राओं का स्वास्थ्य नियमित रूप से परीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों को अपने निर्धारित मुख्यालय में रहकर कार्य करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## एकलव्य विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधे लगाए

**राजनांदगांव 30 जुलाई।** जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार कार्यक्रमों का आयोजन कर पौधरोपण किया जा रहा है। सभी शासकीय कार्यालयों व भवनों, स्कूल, कालेज, छात्रावास सहित निजी संस्थानों में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। जिसमें नागरिक उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। इस कड़ी में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा 150 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया और पौधों के संरक्षण एवं देखरेख की जिम्मेदारी भी ली। बच्चों को बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि हर व्यक्ति अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाए तथा भावनात्मक जुड़ाव के साथ जनसामान्य को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री अमिय श्रीवास्तव सहित स्कूल के शिक्षका एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



समाचार संक्षेप

## नाबालिग ने युवक की कैंची मार कर हत्या कर दी


मृतक व घटना स्थल

**डोंगरगढ़ 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** नाबालिक ने एक युवक को धारदार हथियार (कैंची) से ताबड़तोड़ वार कर हत्त्या किए जाने से नगर में सनसनी फैल गई। घटना सोमवार मंगलवार दरमियांनी रात्रि लगभग 12.30 बजे का बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि मामले की दरमियानी रात्रि राजनाँदगांव के मोहारा ग्राम के दो युवक आयुर्वेदिक डाक्टर के निवास पर पहुंचे थे। मृतक व आरोपी के मध्य वाद विवाद भी हुआ। जिसके बाद नाबालिक हर्ष वर्मा ने तैश में आकर धारदार हथियार (कैंची) लेकर हमला कर दिया। वंही मृतक युवक के साथ आया युवक घर के अंदर से ही बाजू के नटराज फोटो स्टूडियो के दुकान में छुपकर अपनी जान बचाई। मामले की खबर मिलते ही रात्रि ही पुलिस टीम मौकास्थल पहुँच आरोपी नाबालिक को गिरफ्तार कर मृतक के साथ आये साथी युवक को फोटो स्टूडियो दुकान से निकाल अभिरक्षा में लेकर हत्त्या में प्रयुक्त हथियार की जप्ती बनाकर शव की शिनाख्ति कर पोस्टमार्टम के लिए भेज विवेचना शुरू कर दी गई है।

### बीएएसएलपी में प्रवेश के लिए 31 जुलाई को काउंसलिंग

**रायपुर. 30 जुलाई।** बी.ए.एस.एल.पी पाठ्यक्रम के प्रवेश सत्र 2024-25 की काउंसिलिंग दिनांक 31.07. 2024 बुधवार को टेलीमेडिसीन हॉल प्रथम तल, डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर, छ.ग. में आयोजित की जायेगी। काउंसिलिंग हेतु रिपोर्टिंग का समय प्रातः 9ः00 बजे से 11ः00 बजे तक है। संबंधित विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे के बाद आने वाले अभ्यार्थियों को काउंसिलिंग में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जावेगी।

## बैंक ने दो महिलाओं को एक ही खाता आबंटित कर दिया, कई साल तक चलता रहा लेन-देन







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 30 जुलाई।** आपने एक संयुक्त बैंक खाते में दो या अधिक खातेदारों का नाम सुना व देखा होगा, लेकिन एक ही सिंगल खाता के लिए दो हमनाम खातेदारों को अलग-अलग पासबुक, वह भी सचित्र जारी करने का मामला पहली बार सुना होगा। जी हां । ऐसा अजीब मामला दंतेवाड़ा में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा 1207 में सामने आया है। इस बैंक ने पंडेवार निवासी महिला श्यामबती पति उमाशंकर, खाता क्रमांक 7702642066-2 के नाम से दोनों श्यामबती को अलग-अलग पासबुक जारी कर दिया। 9 साल पहले वर्ष 2015 में दोनों महिलाओं ने बैंक में खाता कुछ महीने के अंतराल में खुलवाया था। खाते से लेन-देन कम होने की वजह से इस भारी गड़बड़ी का पता ही नहीं चल पाया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब विष्णुदेव साय सरकार की महतारी वंदन योजना का पैसा खाते में जमा होने की बारी आई। पैसे को लेकर दोनों हितग्राहियों के बीच खींचतान होने लगी। इसके बाद बैंक अफसरों को अपनी गलती का पता चला तो दोनों ही महिलाओं को बुलाकर पासबुक अपने कब्जे में ले लिया।

एक खातेदार श्यामबती व उसके पति उमाशंकर ने बताया कि बैंक वालों डांट-डपटकर खाता हमेशा के लिए बंद करने की बात कहकर धमकाया। वहीं श्यामबती पति स्व कलम ने भी ऐसे ही व्यवहार की शिकायत करते बताया कि अब उसने नगर के दूसरे बैंक में खाता खुलवा लिया है, जिसमें महतारी वंदन योजना की राशि जमा करने का आवेदन महिला, बाल विकास विभाग को दे चुकी है।

**इतनी बड़ी चूक कैसे?:** एक पासबुक में श्यामबती पति उमाशंकर की फ़ोटो और दूसरे पासबुक में श्यामबती पति कमल की फ़ोटो बाकायदा ब्रांच मैनेजर के हस्ताक्षर से प्रमाणित की हुई है। श्यामबती पति कमल की फ़ोटो लगे हुए पासबुक में इसे जारी करने की तारीख 5/01/2015 अंकित है, जबकि श्यामबती पति उमाशंकर की फोटोयुक्त पासबुक में 22/07/2015 की तारीख दर्ज की हुई है। जबकि दोनों के आधार कार्ड नंबर अलग-अलग एवं उनके पति का नाम अलग-अलग अंकित है। सवाल यह उठता है कि बैंक खातों में आधार कार्ड कार्ड लिंक करने की अनिवार्यता के नियम के बावजूद आखिर 9 साल तक बैंक को अपनी इस चूक का पता कैसे नहीं चल पाया?

**क्या कहते हैं ब्रांच मैनेजर:** इस बारे में ब्रांच मैनेजर जगदीश बेहरा का कहना है कि दोनों के बीच विवाद होता देखकर खाता बंद कर दिया गया है। खाते में जमा राशि दोनों में बराबर बांट दी गई। उन्हें दूसरे बैंक में खाता खोलने की सलाह दी गई है। दोनों हितग्राहियों का जन धन खाता खोलने सचिव ने फॉर्म लाकर जमा करवाया होगा। 8-9 साल पुराना खाता है, मेरी पोस्टिंग साल भर पहले हुई है। ब्रांच मैनेजर ने माना कि दोनों ही खातेदार एक ही खाते से समय-समय पर लेन-देन करते आ रहे थे।

**हमनाम के साथ गज़ब का संयोग :** दिलचस्प बात यह है कि श्यामवती नामक खातेदार महिलाओं का नाम एक होना ही महज इत्तेफाक नहीं है। दोनों महिलाओं का मायका भी बालपेट नामक एक ही गांव है और ससुराल भी पंडेवार नामक एक ही गांव है।

# सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई गीदम का हुआ शपथग्रहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम 30 जुलाई।** सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई गीदम के द्वारा नवनिर्मित सर्व आदिवासी भवन गीदम मे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमे समाज के द्वारा सामाजिक संगठन को मजबूत करने, रुढ़ी प्रथा, रीति रिवाज, इत्यादि को बचाने के उद्देश्य को लेकर ब्लाक में सात जोन बनाए गए। ब्लाक इकाई का गठन व सातों जोनों मे गठन प्रक्रिया चला। उसके पश्चात विधिवत समाज प्रमुखों के समक्ष नव मनोनीत समाज पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ है। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के संबंध में विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई गई है। शपथ ग्रहण समारोह में समाज प्रमुख खुड़ीराम नाग, जे.आर.नुरेटी, श्रीमति संगीता नेताम ,श्रीमति शर्मिला कड़ती, सामाजिक सलाहकार सुदरु कड़ती, जितेन्द्र वेट्टी, सुदरू नेताम, संरक्षक बैसु मंडावी, पिसे वट्टी, मडडा राम वेक, संगठन प्रमुख बालसिंह कोरसा, बल्ली राम नेताम, जशवीर नेगी, मुख्य प्रवक्ता भुनेशवर भारद्वाज, सुश्री अन्ती वेक, सचिव-रामलाल नेताम, मीडिया प्रभारी जयदेव मड़काम सभी जोन से पहुंचे हुए गणमान्य नागरिक व समस्त समाज प्रमुख उपस्थित रहे। एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान, जय जोहार, नारों के साथ शपथ ग्रहण समारोह का समापन हुआ है।

### शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग को लेकर परिजन पहुंचे कलेक्ट्रेट

# आजादी के पहले से संचालित प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी से बच्चों का भविष्य संकट में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर 30 जुलाई।** नारायणपुर जिला जिला मुख्यालय के हृदय स्थल पर स्थित शासकीय बालक प्राथमिक शाला आजादी के पहले 1876 से संचालित है जिसको देखते हुए राज्य सरकार द्वारा हिंदी मीडियम से अंग्रेजी मीडियम कर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चो को सौगात दी ताकि छोटे बच्चो की पढ़ाई की नीव कही जाने वाली प्राथमिक शाला से बच्चो की नीव मजबूत हो और आगे चलकर वे अच्छे से पढ़कर आगे बढ़े । लेकिन सरकार की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है पहली से पांचवीं तक में 172 बच्चो को पढ़ाने के लिए महज तीन ही शिक्षिका की नियुक्ति की गई है जिसके चलते बच्चो की पढ़ाई अच्छे से नही हो पा रही है आलम ये है कि शिक्षको की कमी के चलते बच्चे पढ़ाई कराते नजर आ रहे है इन्ही परेशानियों को दूर करने की मांग को लेकर परिजन कलेक्टर से गुहार लगाने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन देकर शिक्षको की नियुक्ति करने की मांग की । छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल प्रभावित जिलों में शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के उद्देश्य से योजना बना रही है लेकिन स्कूलों में शिक्षक की कमी की समस्या सरकार की योजना को ग्रहण लगा रहे है अब देखना होगा कि योजनाओं को धरातल पर बेहतर करने सरकार क्या कदम उठाती है ? नारायणपुर जिले के सबसे पुराने शासकीय बालक प्राथमिक शाला में शिक्षको की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित परिजन जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग करने पहुंचे । परिजनों ने कहा कि सरकार ने हिंदी मीडियम से अंग्रेजी मीडियम करके गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लोगो को सौगात दी थी लेकिन ये सौगात शिक्षको की कमी के चलते परेशानी का सबब बन गई है । स्कूल में पहली से लेकर पांचवी तक में 172 बच्चो के लिए केवल 3 शिक्षक है जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है , बच्चे ही बच्चो को पढ़ाने को मजबूर है इसलिए जिला कलेक्टर से शिक्षक देने की गुहार लगाने पहुंचे है । वही वार्ड पार्षद विजय सलाम ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की जिम्मेदारी प्रशासन पर है जब जिला मुख्यालय में ये हाल है तो अबूझमाड़ में शिक्षा भगवान भरोसे है ।

# रामलला दर्शन को 94 श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,30 जुलाई।** गरियाबंद जिला के राम भक्तों ने रामलला दर्शन हेतु 2 बसो मे अयोध्या धाम की ओर रवाना हुए जिसे गरियाबंद के जिलाधीश दीपक अग्रवाल एवं पारस देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उक्त बस में 94 श्रद्धालु गण सवार थे इसके अंतर्गत दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। शासन द्वारा प्रत्येक जिलों से चयन कर सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है।कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर आज सुबह श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी आज रवाना हुए। इस दौरान कलेक्टर ने यात्रियों को गुलाल लगाकर व पुष्पहार पहनाकर शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री डी.पी. ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु योगेश शर्मा ने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार ने श्री रामलला दर्शन के सपने को साकार किया है। सरकार की मदद से अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अयोध्या में श्री रामलला स्थापना पश्चात वहा जाने की बहुत इच्छा थी। शासन ने वहा जाने में मदद की। श्रद्धालुओं की अयोध्या जाने की इच्छा पूरी करने वाली इस योजना के लिए श्रद्धालु श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।इसी निशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था की गई है। इससे श्रद्धालुओं पर कोई आर्थिक बोझ भी नही बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत् श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

## एक नजर

### शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में सीधे प्रवेश के लिए अनेक सीट उपलब्ध

**जगदलपुर, 30 जुलाई।** शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के प्रबंधन द्वारा अवगत कराया गया कि जगदलपुर विश्वविद्यालय मुख्य कैम्पस में स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के तहत् साइंस/कला/सामाजिक विज्ञान/कम्प्यूटर साइंस जैसे विषय पर विद्यार्थियों को वर्ष 2024-25 में विश्वविद्यालय के मुख्य कैम्पस जगदलपुर सीधा प्रवेश हेतु अनेक सीट उपलब्ध है।जानकारी के अभाव में अंदरूनी क्षेत्र के पात्र छात्र/छात्राओं को उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लगभग ना के बराबर है। पात्र विद्यार्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। अतः अपने जिला अंतर्गत अंदरूनी क्षेत्र के थाना/चौकी/सुरक्षा केम्प के माध्यम से स्थानीय छात्र/छात्राओं एवं उनके परिजनों को जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि वो लाभान्वित हो सके। विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं को अनेक प्रकार की छात्रवृत्ति का भी प्रावधान है, ताकि छात्र/छात्राओं को पढ़ाई के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक समस्याओं का सामना ना करना पड़े। सलवा-जुडूम शिविर कैम्प/पुलिस आवासीय परिसर/थाना एवं रक्षित केन्द्र के रोल कॉल के दौरान भी तत्संबंध में जानकारी उपलब्ध कराया जाना उचित होगा। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने एवं अन्य विषयों की जानकारी के संबंध में शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के डॉ. सजीवन कुमार, मोबाईल नंबर 87702-52718, 87122-27321, 87122- 29289 एवं ई-मेल smkvbj. helpdesk @gmail.com Iकि Website www.smkvbj. uone&.in के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

### रायगढ़ नगरीय निकाय में शुरू हुआ जनसमस्या निवारण शिविर



**रायगढ़, 30 जुलाई।** राज्य के सभी नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 33, 34 एवं 35 के लिए सामुदायिक भवन गांधीगंज काशीराम चौक में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित हुआ। आगामी 9 अगस्त तक यह शिविर रायगढ़ के चिन्हांकित स्थलों पर सभी वार्डो के लिए प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से लगाया जाएगा। आयोजित शिविर में महापौर श्रीमती जानकी काटजू, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम दिबेश सोलंकी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्याओं का समाधान किया और स्टॉल के अधिकारी-कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान शहर के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

जन समस्या निवारण शिविर में पहले दिन आज विभिन्न मांग एवं समस्या के 130 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 83 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष सभी आवेदनों पर आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी ने शीघ्र निराकरण करने के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की बात कही। शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्ति, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण, नलों में पानी नहीं आना, नालियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्म, सड़कों के गड्ढे पटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी, बल्ब, ट्यूब का बंद रहना, संपत्तिकर व अन्य करों की वसूली, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, पीएम स्व निधि योजना, आधार कार्ड अपडेट, विवाह पंजीयन से संबंधित वार्डवासियों से आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में महिला एवं बाल विकास, नजूल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग एवं जिला प्रशासन के अन्य विभिन्न विभागों के स्टाल भी लगे थे। स्वास्थ्य विभाग के लगे स्टॉल से लोगों ने निःशुल्क बीपी, शुगर, डेंगू की जांच सहित मौसमी बीमारियों का इलाज की सुविधा प्राप्त की।

### 12 वीं बोर्ड गणित विषय की परीक्षा 1085 ने दी

**रायगढ़, 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित द्वितीय मुख्य/अवसर हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 29 जुलाई को 12 वीं बोर्ड के गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 1158 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1085 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 73 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

# पुसबाका प्रधान पाठक की बल्ले-बल्ले बिना ज्वाईनिंग ले रहे छः माह से वेतन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,30 जुलाई।** शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी उसूर के अभयदान की वजह से पुसबाका प्रधान पाठक की बल्ले-बल्ले है और बिना ज्वाईनिंग छः माह से वेतन ले रहें हैं। वामपंथी माओवाद की आड़ पर धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ शिक्षक अपने मूल स्कूलों में अपनी सेवाएं नहीं दे रहें उल्टे ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने की बजाए उनको उपकृत किया जा रहा है जिसके कारण ऐसे शिक्षकों पर प्रशासनिक खौफ नजर नहीं आ रहा है जिसके कारण शिक्षा विभाग पर सवालिया निशान लगना लाजिमी है।

बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक में एक मामला प्रकाश में आया है। प्राथमिक शाला पुसबाका के प्रधान पाठक रामकृष्ण पेदमपल्ली ने 6माह से ज्वाइनिंग नहीं दिया है और इसके बाद भी वह वेतन लेकर मौज कर रहा है। तत्कालीन सरकार में रामकृष्ण पेदमपल्ली को मंडल संयोजक बनाया गया था और सरकार बदलते ही रामकृष्ण पेदमपल्ली को 18जनवरी2024 को मुल पद पर वापस भेज दिया गया है तथा 18जुलाई2024 को छः माह हो गया किंतु उसने ज्वाइनिंग भी नहीं दी गई है जिसके बावजूद भी वेतन बराबर दिया जा रहा है।

कमोबेस इसी प्रकार भोपालपटनम ब्लॉक में भी देखा गया है, एक ऐसे ही शिक्षक है जो कई माह से स्कूल बिना गये वेतन ले रहे हैं कही ना कही अधिकारी या राजनेता के शरण के चलते संबंधित शिक्षक का वेतन आहरण हो रहा है.ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी शासनकाल में पुसबाका स्कूल को बंद किया गया था तथा शिक्षकों को यहां -वहां मर्ज किया था।कांग्रेस पार्टी की सरकार ने बंद पड़े स्कूलों को खोला पुसबाका स्कूल में एक प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक व शिक्षा दूत की पदस्थापना किया जिसके तहत प्रधान पाठक की जिम्मेदारी रामकृष्ण पेदमपल्ली को दी गई किंतु पदस्थापना के बाद भी प्रधान पाठक रामकृष्ण पेदमपल्ली ने वहां ज्वाईनिंग नहीं दी जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण दैनिक हाजिरी रजिस्टर में है जहां उनका नाम दर्ज नहीं है।

### बगैर सीएससी की अनुशंसा के वेतन आहरण

स्कूलों के निरीक्षण में शिक्षा विभाग द्वारा संकुल शिक्षकों की पदस्थापना किया जाता है और वह स्कूलों का भ्रमण करते हैं तथा उपस्थित -अनुपस्थित की जानकारी व वेतन प्रमाण पत्र (पे-डाटा) देते हैं फिर किसी भी शिक्षकों का वेतन क्लियर होता है लेकिन प्रधान पाठक रामकृष्ण पेदमपल्ली के वेतन आहरण पंजी पर हस्ताक्षर ही नहीं है तो कैसे वेतन निकल रहा है वह जांच का विषय है ?

### बीईओ का भी अप्रत्यक्ष संरक्षण

खंड शिक्षा अधिकारी संतोष गुप्ता को प्रधान पाठक रामकृष्ण पेदमपल्ली के छः माह तक गैरहाजिर रहने के बावजूद वेतन दिए जाने के संदर्भ में अवगत कराया गया तो श्री गुप्ता का कहना है कि उन्होंने ज्वाईनिंग दे दिया है इसलिए उनका वेतन दिया जा रहा है। अब ऐसा सवाल है कि दैनंदिनी में हस्ताक्षर नहीं है ना ही सीएससी का वेतन प्रमाणीकरण नहीं है।

### हाई स्कूल पंचपारा में प्रारंभ हुआ पाँच दिवसीय आंग्ल भाषा प्रशिक्षण

**रायगढ़, 30 जुलाई।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुसार विकास खंड पुसौर के समस्त प्राथमिक शालाओं में अध्यापन करने वाले आंग्ल भाषा हेतु एक शिक्षक को प्रशिक्षित किया जाना है। जिसमें अंग्रेजी विषय को रुचिकर व गतिविधि आधारित बनाकर बच्चों को सिखाने के लिये शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है। जिसके अंतर्गत विकास खंड पुसौर के सभी प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का दो चरणों में हाई स्कूल पंचपारा में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण के प्रथम दिवस का प्रारंभ 29 जुलाई से किया गया है। जिसमें विकास खंड स्त्रोत समन्वय शैलेन्द्र मिश्रा, संकुल शैक्षिक समन्वयक श्रवण कुमार साव, बीआरपी शांती ठाकुर व संस्था के शिक्षकों की उपस्थिति में मां शारदे के कमल रज को प्रणाम करते हुये शारदा पूजन के साथ प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। बीआरसी मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य को बताते हुये गंभीरता पूर्वक एवं अनुशासित रहकर प्रशिक्षण लेने की बात कही गयी। मास्टर प्रशिक्षक भुवनेश्वर चौहान के द्वारा प्रशिक्षण संबंधित सभी महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला गया।

# आश्रम,छात्रावासों में बच्चों के रहने-पढ़ने का बेहतर माहौल सुनिश्चित करें:अग्रवाल



गरियाबंद, 30 जुलाई। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के आश्रम एवं छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली। उन्होंने आश्रम - छात्रावासों में बच्चों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए उनके रहने और पढ़ने का बेहतर माहौल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधीक्षकों को छात्रावास में स्वयं सभ्य, मृदुशील एवं आकर्षक व्यक्तित्व के साथ रहने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बच्चे सभ्य जीवन शैली के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए अधीक्षकगण समर्पित भाव से रूचि लेकर कार्य करें। समय सारणी बनाकर उनका अनुपालन सुनिश्चित करवाएं। कलेक्टर ने कहा की आदर्श छात्रावास के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रावास को 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने सभी सुविधाओं को बेहतर कर आदर्श छात्रावास प्रतियोगिता में शामिल होने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि छात्रावास में सफाई सफाई व्यवस्था बनाएं रखे। सभी कमरों के अलावा परिसर को भी स्वच्छ रखे। बरसात के मौसम के मद्देनजर परिसर में जल भराव न होने दे। जिससे मच्छर, मक्खी एवं गंदगी का खतरा नहीं रहेगा। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। आवश्यकतानुसार मलेरिया जांच एवं दवाइयों का वितरण कराएं। साथ ही छात्रावासों में गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्रियों का उपयोग करें। कलेक्टर ने खाद्य पदार्थों का व्यवस्थित भंडारण भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री नवीन भगत सहित सहायक संचालक, मंडल संयोजक एवं आश्रम छात्रावासों के अधीक्षक गण मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के बेहतर विकास के लिए छात्रावासों में शासन द्वारा सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने अधीक्षकों से छात्रावास में पर्याप्त भवन, बिजली, पानी, शौचालय, भोजन, बेड, गद्दा एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की जानकारी ली। उन्होंनेबच्चों को मीनु के अनुसार ताजा और गरम भोजन देने के लिए कहा। इसके अलावा छात्रावास आश्रमों के रखरखाव, शिष्यवृत्ति, खाद्यान्न भंडारण एवं रखरखाव के संबंध में जानकारी लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी कन्या आश्रमों में सुरक्षा की दृष्टि से महिला सुरक्षा कर्मचारी की नियुक्ति, चौकीदार एवं अहाता निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने भवनों की स्थिति, मरम्मत की आवश्यकता एवं रंग रोगन की जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावास परिसर में जर्जर भवनों का उपयोग नही करने एवं नियमानुसार उन्हें डिस्मेंटल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद एवं अन्य उपयोगी गतिविधियों की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही परिसर के खाली जगहों पर वृक्षारोपण एवं बागवानी अंतर्गत फलदार पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आश्रम छात्रावासों में बच्चों के परिजनों को ही नियमानुसार बच्चों से मिलने देने एवं बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश नही देने के भी निर्देश दिए।

# 14 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज एवं उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा सेक्टर के मार्ग दर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, कोबरा 202, 210 केरिपु 222 एवं 85वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर उसूर-पामेड़ एरिया कमेटी, भैरमगढ़ एरिया कमेटी एवं गंगालूर एरिया कमेटी के निम्नलिखित माओवादियों ने आज दिनांक 29/07/2024 को उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0जितेन्द्र कुमार यादव, कमाण्डेंट 222 केरिपु श्री विजेन्द्र सिंह, कमाण्डेंट 85वी वाहिनी श्री सुनील कुमार , कमाण्डेंट कोबरा 202, श्री अमित कुमार, कोबरा 210 श्री अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऑप्स श्री वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर श्री विनित साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया । 1. नागी पोड़ियाम पति सनैया पोड़ियाम उम्र 38 वर्ष जाति दोरला निवासी मारूड़बाका कड़तीपारा थाना उसूर जिला बीजापुर, उसूर एलओएस अंतर्गत मारूड़बाका आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष, ईनाम- 01.00 लाख, वर्ष 2003 से सक्रिय 2.अर्जुन पूनेम ऊर्फ अरजू ऊर्फ मेड्डी पिता बुधराम पूनेम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बडडेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पुसनार भूमकाल मिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमाण्डर, वर्ष 2007 से सक्रिय 3 बघेल पूनेम ऊर्फ बुधरू पिता कोवा पूनेम उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गोरगेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पुसनार भूमकाल मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमाण्डर, वर्ष 2003 से सक्रिय4.रंगा पोटाम पिता लखमा पोटाम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पुसनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य बी सेक्शन, वर्ष 2008 से सक्रिय5.सुदरू पूनेम ऊर्फ मोरका सुदरू पिता सुक्कू पूनेम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गायतापार थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2011 से सक्रिय6.अर्जुन पोटमा ऊर्फ आयतू पिता लक्खू पोटाम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बउडेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2012 से सक्रिय7. बुधराम पोटाम ऊर्फ नेती बुधराम पिता सोमलू पोटम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2009 से सक्रिय 8.राजू पोटाम पिता मासा पोटाम उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम पुसनार डीएकेएमएस सदस्य, वर्ष 2008 से सक्रिय 9.हेमन पूनेम पिता सुक्कू पूनेम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंटीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर, वर्ष 2015 से सक्रिय 10.सतरू पूनेम पिता कोवा पूनेम उम्र 55 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंटीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2002 से सक्रिय 11.सोमलू कुंजाम पिता मासा कुंजाम उम्र 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंटीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2004 से सक्रिय 12मंगलू हेमला ऊर्फ मुंडी पिता हुंगा हेमला उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंटीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2005 से सक्रिय13. सुदरू मड़कम पिता सन्नू मड़कम उम्र 24 वर्ष निवासी मदपाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर, भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत सीएनएम सदस्य, वर्ष 2017 से सक्रिय 14.संतोष मोड़ियाम पिता आयतू मोड़ियाम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेददाकोरमा थाना बीजापुर, पश्चिम बस्तर डिविजन प्रेस टीम पार्टी सदस्य, वर्ष 2008 से सक्रिय नागी पोड़ियाम , माओवादी संगठन में कार्य का विवरणःवर्ष 2003 में उसूर एलओएस अन्तर्गत मारूड़बाका में बाल संघम के पद पर संगठन में भर्ती हुई । वर्ष 2005 तक बाल संघम सदस्य के पद पर कार्य किया । वर्ष 2006 से मारूड़बाका केएएमएस सदस्य के रूप में कार्य दिया गया । 2009 में केएएमएस अध्यक्ष का कार्य दिया गया । । वर्ष 2012 में जनताना सदकार अध्यक्ष का कार्य दिया गया । पुनः वर्ष 2020 में केएएमएस अध्यक्ष का कार्य दिया गया ।

# जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में दिलाई गई साक्षरता की शपथ



**बीजापुर,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता मिशन का शपथ दिलाया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 22 से 28 जुलाई 2024 तक राष्ट्रव्यापी शिक्षण सप्ताह के आयोजन संचालक, सदस्य एवं सचिव राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशन पर जिले में किया गया। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षर वर्ग को साक्षर किया जाना है। संबंधितों द्वारा साक्षरता का शपथ ली गई जिसमें साक्षरता कार्यक्रम में जुड़कर शिक्षा की ओर अपना पहला कदम बढ़ाकर पूर्ण साक्षर बनाना है, शिक्षा मेरे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, मै स्वयं शिक्षित हो कर अपनी भागीदारी को समझते हुए अपने साथियों को भी साक्षर बनने के लिए प्रेरित करूंगा। जिले में स्वामी आत्मानंद अग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर, कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय बीजापुर सहित जिले के चारों विकासखण्डों के शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता का शपथ दिलाया गया।

# जुआ,सट्टा,शराब के अवैध धंधे का विरोध करने पर पूर्व पार्षद के पिता पर किया कटर से हमला

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई जामुल थान क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद है जुआ सट्टा और शराब के अवैध कारोबार का विरोध करने पर एक पूर्व पार्षद के पिता पर कटर से हमला बोला गया है जामुल नगर पालिका से कुछ दूर पर नहर किनारे खुलेआम सट्टा खिलाने के साथ ही अवैध शराब और गांजा बिक रहा है जब यहां के पूर्व पार्षद ने इसका विरोध किया और कई जगह शिकायत की तो इस अवैध कारोबार में लगे लोगों ने उसके बूढ़े माता-पिता पर कटर से हमला कर दिया। जामुल नगर पालिका के वार्ड 6 के पूर्व पार्षद नरेंद्र देवदास ने बताया कि उसके वार्ड में उसके घर से 100 मीटर की दूरी पर नहर के किनारे अवैध शराब बेची जाती है। गांजा बेचा जाता है। सट्टा खिलवाया जाता है। उसने इसका विरोध किया। इसकी शिकायत नगर पालिका में भी किया, पुलिस में किया। इसके बाद से इस अवैध कार्य को करने वाला कृष्णा साहू उससे दुश्मनी रखने लगा था। उसके पापा सुपेला में सत्यम टेलर्स के यहां काम करते हैं। सोमवार देर रात जब वे काम से वापस आ रहे थे। वे जैसे ही घर के पास पहुंचे वहां कुछ लोग नशे की हालत में गाली गलौज कर रहे थे। पूर्व पार्षद के पिता ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो वहां बैठे लोगों ने उससे झगड़ा करना शुरू कर दिया। जब पूर्व पार्षद की मां वहां पहुंची तो उन लोगों ने बुजुर्ग पर कटर से हमला कर दिया। पूर्व पार्षद के पिता के सिर में कटर लगने से वो लहूलुहान हो गया। सूचना मिलते ही पूर्व पार्षद नरेंद्र वहां पहुंचा और पिता को लेकर जामुल थाने पहुंचा। जामुल पुलिस बुजुर्ग को लेकर सुपेला अस्पताल पहुंची और उसका मुलाहिजा किया गया। पुलिस को पूर्व पार्षद ने वो कटर भी दिया है, जिससे उसके पिता के ऊपर जानलेवा हमला किया गया है। पूर्व पार्षद के पिता सुरेंद्र देवदास ने बताया कि वह सुपेला घड़ी चौक स्थित सत्यम टेलर्स में काम करता है। रोज की तरह शाम को अपने घर जाता है। वो शाम को अपने घर जा रहा था। उसको मारने के लिए पहले ही 5-6 लड़के वहां बैठे थे। उसको देखते ही वो लोग हुज्जतबाजी करने लगे। उसके बाद उसके ऊपर कटर से हमला कर दिया।

# पति ने पत्नी का पैर कार से कुचल दिया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र एक सनकी पति ने अपनी पत्नी को चलती कार से फेंक दिया। इतना ही नहीं उसने पत्नी को कार से कुचलने की कोशिश भी की। इसमें पत्नी की जान बच गई पर पैर कार से कुचल गया। सोमवार शाम को भिलाई टाउनशिप के सेक्टर - 5 चौक की इस पूरी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। युवक ने घर ले जाकर अपनी बीमार व बुजुर्ग दादी सास के साथ भी मारपीट किया है। पीड़िता के परिजनों ने भिलाई नगर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है इस मामले में आरोपी युवक सेक्टर 4 निवासी रजत प्रताप सिंह है। सेक्टर 5 की रहने वाली प्रियंका सिंह ( 24 वर्ष ) के साथ रजत प्रताप सिंह की शादी 7 जून 2023 को हुई थी। रजत प्रताप ने सोमवार शाम को सेक्टर 9 अस्पताल से अपनी दादी उर्मिला देवी के साथ आटो से सेक्टर -5 लौटते समय प्रियंका सिंह को जबरदस्ती अपनी कार में बिठाया और फिर विवाद के बाद दरवाजा खोलकर उसे बाहर की ओर धक्का दिया। रजत प्रताप ने प्रियंका को कार से कुचलने की कोशिश की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वहीं प्रियंका के परिजनों ने भिलाई नगर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है बताया जा रहा है कि शादी के दो महीने बाद से प्रियंका और रजत में पारिवारिक विवाद शुरू हो चुका था। इस विवाद के चलते प्रियंका 4 महीने से अपने ससुराल में रह रही थी। प्रियंका सोमवार शाम को अपनी दादी को सेक्टर - 9 हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कराकर आटो से सेक्टर 5 स्थितअपने माता-पिता के निवास लौट रही थी। इसी दौरान सनकी युवक रजत सेक्टर - 5 चौक के पास पहुंचा और अपनी पत्नी प्रियंका को जबरदस्ती कार में बिठाने की कोशिश करने लगा। प्रियंका की दादी को उसने कार में पहले ही बिठा लिया था। उसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। प्रियंका गाड़ी में बैठने से मना करने लगी, लेकिन सनकी रजत प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी प्रियंका का गला दबाकर कार से घसीटा और चलती कार से फेंक दिया। इस दौरान प्रियंका का पैर कार से कुचल गया वहीं प्रियंका की दादी को कार में बिठाकर घर ले गया आरोपी युवक ने अपनी दादी सास उर्मिला देवी के साथ भी मारपीट की पीड़िता के परिजनों ने आरोपी पति के खिलाफ भिलाई नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

# ग्रामीण सोशल मीडिया मैनेजमेंट प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ग्रामीण आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के 02 बैचों के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न होने के पश्चात इसी क्रम में डिजिटल दुनिया में सोशल मीडिया का उपयोग ज्यादा बढ़ने से बेहतरीन जॉब के मौके मिल रहे हैं। बीजापुर जिले के स्थानीय युवाओं को सोशल मीडिया मैनेजमेंट की तकनीक सिखाने का अभिनव पहल करते हुए जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 10 दिवसीय ग्रामीण सोशल मीडिया मैनेजमेंट प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सोशल मीडिया का उपयोग करके मौसम, कृषि, सरकारी नीतियों एवं योजनाओं इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान कर ग्रामीणों तक लाभ पहुंचाना है। यह सुविधा ग्रामीणों के समस्याओं के निदान के लिए विशेषज्ञों से जुड़ने में भी मदद करती है।बीजापुर जिले के ऐसे युवा जो ग्रामीण सोशल मीडिया मैनेजमेंट कोर्स में प्रशिक्षण करने के रूचि रखते हों ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 40 युवाओं को 10 दिवसीय ग्रामीण सोशल मीडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। यह प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में सम्पन्न होगा, प्रशिक्षण के दौरान उच्च संस्थानों में भी एक्सपोजर विजिट करवाया जावेगा।बीजापुर जिले के युवक एवं युवती जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं 12 वी उत्तीर्ण हों (स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण युवाओं को प्राथमिकता), 40 युवाओं के प्रशिक्षण हेतु (आवश्यकता होने पर साक्षात्कार भी लिया जावेगा) 50 प्रतिशत आवेदन जिले से आदिवासी वर्ग के युवा एवं शेष 50 प्रतिशत आवेदन जिले से अन्य वर्ग के युवा कर सकेंगें वे दिनांक 02 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष कमांक (छ-19) जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं।

# मलेरिया व डायरिया नियंत्रण पर करें पूरा ध्यान केंद्रित : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक, सुस्त सूचना तंत्र पर जताई नाराजगी, प्रतिदिन रिपोर्टिंग के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को जिला अस्पताल के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में मलेरिया व डायरिया पर पूरी तरह से नियंत्रण के लिए निगरानी दुरुस्त रखने और प्रभावी उपाय पर पूरा फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने डायरिया के प्रकरणों पर कमज़ोर सूचना तंत्र पर नाराजगी जाहिर की। मितानिन कार्यक्रम के प्रभारी को उन्होंने इसे दुरुस्त करने को कहा और केस की प्रतिदिन रिपोर्टिंग के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि मलेरिया व डायरिया पीड़ितों की जानकारी के लिए हर गांव में मितानिनो के द्वारा डोर टू डोर सर्वे कराएं तथा प्रतिदिन वास्तविक रिपोर्ट लें। मितानिनो से प्राप्त रिपोर्ट को विकासखंड वार समेकित कर जिला कार्यालय को भी प्रेषित करें। जिला समन्वयक सभी मितानिनो को सक्रिय करें और नियमित रुप से बैठक लेकर दवाई की उपलब्धता, किसी प्रकार की समस्या आदि की जानकारी लें। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर भी बीएमओ, बीपीएम की उपस्थिति में बैठक आयोजित करें। उन्होने मलेरिया व डायरिया से बचाव के



लिए जरुरी एहतियात बरतने के लिए जागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पानी को उबालकर पीने, मच्छरदानी का उपयोग व ताजा भोजन का सेवन करने, मलेरिया या डायरिया की शिकायत की तत्काल सूचना देने की कोटवारों से मुनादी कराने तथा बीएमओ से अपील कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मलेरिया या डायरिया से जनहानि न हो इसके लिए सभी सम्बंधित अपनी जिम्मेदारी से बढ़कर प्रयास करें।केस निकलने पर घर- घर सर्वे, पानी की जाँच, क्लोरीनेशन, सर्विलेंस में वृध्दि जैसे कार्यवाही सुनिश्चित करें।हर गांव की मितानिन अलर्ट रहें और परिवार के सदस्यों की जानकारी लेते रहें। उन्होने कहा कि अधिकारी मैदानी स्तर की जानकारियों से प्रतिदिन अवगत रहें ताकि कोई शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल सुचारु व्यवस्था किया जा सके। कलेक्टर ने बैठक के दौरान फिल्ड पर बेहतर कार्य कर रहे मितानिन ट्रेनर से मोबाइल से बात कर क्षेत्र में मलेरिया व डायरिया की स्थिति की जानकारी लेकर बेहतर कार्य की सराहना करते हुए इसे कायम रखने प्रोत्साहित किया। बैठक में सीएमएचओ डॉ. एम. पी. महिश्वर, सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी, डीपीएम सृष्टि मिश्रा सहित सभी बीएम ओ एवं बीपीएम उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कार्यक्रम के दौरान मारपीट कर फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



**बलौदाबाजार, 30 जुलाई (तरुण छततीसगढ़ संवाददाता)।** 24 सितम्बर 2023 को ग्राम बुड़गहन बजरंग चौक में एक कार्यक्रम के दौरान आरोपियों द्वारा मंडली वालों को जान से मारने की धमकी देकर, अश्लील गाली गलौज किया जा रहा था, जिसे मंडली वालों ने गाली गलौज करने से मना किया तो ग्राम बुडगहन निवासी सभी आरोपीयों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी रामकुमार एवं आजू राम को घर में घूसकर मारपीट किया गया था, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूध्द थाना सुहेला में धारा 147, 452, 294, 506, 323 भा.द.वि. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण मे पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया था एवं शेष अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। कि प्रकरण में सउनि विजय सिंह केशरिया, आर. बालेश्वर भगत्त, सुरेश वर्मा, दीपक ध्रुव एवं मुकेश वर्मा की पुलिस टीम द्वारा फरार 03 आरोपियों को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर घटना दिनांक को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट करना एवं गिरफ्तारी के डर से फरार हो जाना स्वीकार किया गया। कि आरोपियों को आज दिनांक 29.07.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपियों के नाम जयराम उर्फजय उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बुड़गहन थाना सुहेला, बजरंगी उर्फराजू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बुड़गहन थाना सुहेला, प्रवीण कुमार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बुड़गहन थाना सुहेला है।

### युवती को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए अश्लील फोटो एवं मैसेज कर परेशान करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 8 जुलाई को प्रार्थिया द्वारा थाना सिटी कोतवाली में लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि, आरोपी पूरन लाल द्वारा इसके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के जरिए अश्लील फोटो एवं मैसेज भेजा जा रहा है। इसको मना करने के उपरांत भी आरोपी द्वारा लगातार मैसेज किया जा रहा है, कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 440/2024 धारा 79



बीएनएस 67क आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा साइबर सेल बलौदाबाजार की टेक्निकल टीम की मदद से प्रकरण में प्रार्थी युवती के मोबाइल पर भेजे गए मैसेज के आधार पर आरोपी पूरन लाल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम मुंडा थाना लवन को पकडकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा अपने मोबाइल के जरिए प्रार्थीया युवती को व्हाट्सएप पर अश्लील फोटो एवं मैसेज भेजना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी से एक मोबाइल जप्त किया गया है तथा आरोपी को आज दिनांक 29.07.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### देवरीडीह जलाशय के बंड टूटने की जाँच के लिए दल गठित

**बलौदाबाजार, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम दरचुरा में स्थित देवरीडीह जलाशय का बंड का एक हिस्सा टूटने से ग्राम गणेशपुर एवं दरचुरा में जलभराव हुआ है। कलेक्टर दीपक सोनी ने देवरीडीह जलाशय के बंड टूटने के कारणों का जांच हेतु अपर कलेक्टर सुश्री दिप्ती गौते की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया है। जांच दल में एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा, कार्यपालन अभियंता पीएम ग्राम सड़क योजना बलौदाबाजार चंद्रभान सिंह तंवर एवं कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग बलौदाबाजार विरेन्द्र सिरमौर शामिल है। जाँच दल जाँच पश्चात अपना रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

## एक नजर

### भाटापारा में उज्जैन की तर्ज पर किया गया भोलेनाथ का श्रृंगार

**भाटापारा, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** न.पा.स्थित महाकाल मंदिर मे भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रंगार प्रतिदिन किया जाता है, उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर भोलेनाथ का आकर्षक श्रंगार किया जाता है वहीं सावन मास मे भोलेनाथ की पूजा अर्चना अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड लगी रहती है वही सोमवार बाबा की पालकी यात्रा महाकाल मंदिर से निकाली गई जिसमे बडी संख्या मे भक्त शामिल हुए।

### विश्व स्तनपान सप्ताह पर अदाणी फाउंडेशन करेगा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**तिल्दा-नेवरा, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सामुदायिक सहभागिता के तहत जिले के तिल्दा ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा 1 से 7 अगस्त 2024 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाएगा। जिसके तहत एक सप्ताह तक अदाणी विलमार के सुपोषण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रायखेड़ा, भाटापारा, गैतरा, चिचोली और गौरखेड़ा सहित कुल छह गांवों में विशेष आयोजन किया जाएगा। जिसमें इन ग्रामों की 1800 से अधिक गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं और 5 वर्ष तक के बच्चों को शामिल करेंगे। इसके साथ ही अदाणी फाउंडेशन की सुपोषण संगिनियां, आंगनवाड़ीयों के साथ मिलकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार, स्तनपान जागरूकता रैली, समूह चर्चा, परिवार परामर्श और गांवों में उपलब्ध सब्जियों और अनाज (श्री अन्न) के पौष्टिक उपयोग के तरीके इत्यादि से जागरूक करेंगी। इस आयोजन से न केवल माताओं और बच्चों को पोषण की दिशा में लाभ मिलेगा, बल्कि समाज में स्तनपान के महत्व को भी बल मिलेगा।

### 32 पौवा अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



बलौदाबाजार, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस सहायता केन्द्र निपनिया द्वारा शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों, जुआ, शराब, सट्टा आदि अनैतिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 29.07.2024 को मुखबिर सूचना पर सहायता केंद्र निपनिया से प्र.आर मोहन सोनवानी एवं आरक्षक राकेश कश्यप की पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम सेमराडीह में अवैध रूप से शराब बेचने वाले आरोपी रामसनी उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम सेमराडीह को पकड़ा गया। आरोपी से 32 पाव देसी मदिरा मसाला शराब, कीमती ?3840 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## नगरी निकायों में एक से चार माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर में कर्मचारी-अधिकारी रहे हड़ताल पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 30 जुलाई।** नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर पूरे प्रदेश के नगरी निकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नियमित वेतन भुगतान नहीं मिलने एवं ओल्ड पेंशन लागू नहीं किए जाने के कारण एक दिवसीय धरना प्रदर्शन पूरे छत्तीसगढ़ के जिलों में किया गया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, महामंत्री रायपुर संभाग के सुरेश तिवारी ने बताया है कि लगभग छत्तीसगढ़ के सभी नगरी निकायों में एक से चार माह का वेतन भुगतान लंबित है शासन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिस कारण प्रदेश के समस्त जिलों में 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी बांधकर तथा द्वितीय चरण में 22 जुलाई को एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल कर तथा अंतिम चरण में अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश के समस्त जिला में धरना प्रदर्शन किया गया।



संघ के प्रदेश अध्यक्ष बताया है की नगरी निकाय में प्रतिमाह वेतन भुगतान नहीं हो रहा है इस हेतु प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान को लेकर व नगरी निकाय में ओल्ड पेंशन लागू करने को लेकर प्रदेश के जिलों में 29 जुलाई को धरना प्रदर्शन किया गया एवं प्रदेश के जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम से ज्ञापन पत्र सोपा गया इसके बाद भी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कर्मचारियों के वेतन संबंधी समस्या का निराकरण वा ओल्ड पेंशन योजना को लेकर कोई हल नहीं निकलता है तो फिर आगामी महासंघ के बैठक में प्रदेश में अनिश्चितकालीन आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया जाएगा जिस हेतू प्रदेश में हड़ताल अवधि में सभी प्रकार के मूलभूत सुविधाएं बंद रहेगी जिसकी समस्त जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

नगर पंचायत छुरा के सभी कर्मचारी जिला मुख्यालय गरियाबंद गांधी मैदान में धरना दिया गया तथा मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर एवं एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया।

# सिमगा में धड़ल्ले से की जा रही शराब की अवैध बिक्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ नगर में नियमों की उड़ाई जा रही खुलेआम धज्जियां

■ जोरों पर चल रहा मोटे कमीशन का खेल

**सिमगा, 30 जुलाई।** नगर में आबकारी विभाग के नौकरशाह एवं सफेद पोशों की मिलीभगत से अवैध रूप से शराब की बिक्री खुलेआम जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार सिमगा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभागीय नौकरशाहों शराब भट्ठी के मैनेजर एवं कर्मचारियों के मिलीभगत से प्रमुख चौक चौराहों एवं गली मोहल्लों में अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है। आबकारी विभाग के संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार काफी फल फूल रहा है। एक चखना सेंटर वाले ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि आबकारी विभाग के एक अधिकारी प्रतिमाह अपना कमीशन लेने आते है। और कभी कभी तो एक माह में दो बार कमीशन मांगने पहुंच जाते है। नहीं देने पर कार्यवाही करने की धमकी भी देते हैं। बताते चले कि सिमगा शराब दुकान में कुछ नामचीन बड़े कोचियें शराब दुकान के अदंर बैठकर बोरी बोरी शराब खुलेआम परिवहन करते है। उसके उपरांत भी किसी भी संबंधित अधिकारी के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया जाता है। शराब दुकान के अदंर एवं बाहर में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। लेकिन फिर भी सभी नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध कारोबारी अपना कार्य बिना डर एवं भय के कर रहे हैं। सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का वाली कहावत सिमगा में चरितार्थ हो रही है।

# अनहाईजनिक किचन आर स्वच्छता में मिली कमी, 7 होटल संचालकों को नोटिस

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने किया होटलों का निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 30 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा होटलों एवं ढाबों का निरीक्षण कर अमानक खाद्य पदार्थो पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के नेतृत्व में रविवार को भाटापारा के 10 होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से किया गया जिसमें से 7 होटलों में अनहाईजनिक किचन एवं खाद्य पदार्थों को ढकने के पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने पर होटल संचालकों को नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि निपानिया रोड स्थित मानिकपुरी होटल, यादव होटल, छोटू साहू होटल, बस स्टैंड स्थित शिफा बिरयानी, लक्ष्मी नारायण निषाद बिरयानी, चाचा बिरयानी, धीवर होटल, आनंद ढाबा को नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही बब्बू स्वीट्स से विधिक नमूना भी लिया गया।जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। अमानक पाए गए बालूशाह, लूज खाद्य तेल, बर्फी केक कुल लगभग 20 किलोग्राम की नस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

# खपरी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 30 जुलाई।** भखारा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरवायडीह की आश्रित ग्राम खपरी को स्वतंत्र पंचायत बनने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे के नेतृत्व में धमतरी कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ग्राम खपरी के कामदेव बघेल का कहना है कि हमारे ग्राम पंचायत जरवायडीह का आश्रित ग्राम खपरी है और आश्रित ग्राम होने के वजह से विकास




कार्य नहीं हो पा रहा है विनोद बघेल ने बताया कि वर्ष 2019 से हम लोग ग्राम खपरी को स्वतंत्र पंचायत बनने की जिला कलेक्टर से कर रहे हैं लेकिन इस पर कोई ठोस पहल नहीं हो रहा है आशीष रात्रे ने कहा कि पिछले चुनाव से पहले कुरुद क्षेत्र के चार नये स्वतंत्र पंचायत बनाया गया है ग्राम खपरी से भी जनसंख्या कम होने के वजूद बनाए गए हैं प्रशासन भेद-भाव पूर्वक कार्य कर रहे हैं तत्काल जनहित में ग्राम पंचायत जरवायडीह के आश्रित गांव खपरी को स्वतंत्र पंचायत बनाया जाए ताकि गांव का सर्वांगीण विकास हो सके।

इस बार ग्रामीण स्वतंत्र पंचायत नहीं बनने पर उग्र आन्दोलन करेंगे। ज्ञापन सौपने वालों में खपरी के ग्रामीण पंच अनिल बघेल, दीन कुमार बघेल, गणेश बघेल, दाऊलाल बंजारे, रमेश बघेल, खिलेन्द डिगरे, पुष्पेंद्र बघेल, दुर्गेश बंजारे, नीरज बघेल, भगत बघेल उपस्थित रहे!

### पीएससी व व्यापम प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग, अभ्यर्थी 10 अगस्त तक कर सकते हैं आवदेन

**बलौदाबाजार, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिला खनिज न्यास के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारियों के लिए नवप्रेरणा नि:शुल्क कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जिसके लिए नवीन बैच की कक्षाएं 16 अगस्त से प्रारंभ की जाएगी एवं इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 10 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन मंगाए गये है। नि:शुल्क कोचिंग में अध्ययन के लिए न्युनतम योग्यता किसी भी विषय में स्नातक होना अनिवार्य है। स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी कोचिंग में अध्ययन का लाभ ले सकते है। विद्यार्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। कोचिंग में अध्ययन के लिए आवेदन फार्म जिला ग्रंथालय बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ0ग0) में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे जमा कर सकते है। आवेदन फार्म के साथ स्नातक की अंकसूची की छायाप्रति तथा स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी स्नातक द्वितीय वर्ष की अंकसूची की छायाप्रति के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति तथा 01 फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। कोचिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कोचिंग संचालन प्रभारी राजेन्द्र कुमार मानिकपुरी मो.90392-67277 से सम्पर्क किया जा सकता है।

**न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202407140100014/
अ-21(2)/सन् 2023-24
ग्राम- चारामा

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि एकता जगवानी पति गिरधारी जगवानी जाति सिंधी निवासी भगत सिंह वार्ड ग्राम चारामा तहसील चारामा की ओर से अधिवक्ता चंचल साहू के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत भूमि स्वामी हक की आवासीय परिवर्तित भूमि ग्राम चारामा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 830/8 रकबा 0.05 हेक्टेयर या 5381.96 वर्गफुट परिवर्तित लगान 490.00 रूपये जिस पर पक्का मकान बना हुआ है को रूपयों की अत्यंत आवश्यकता होने पर 41,00,000.00 इकचालीस लाख रूपये में अनावेदक क्रेता उज्जवल यादव पिता रोहित यादव जाति ठेठवार निवासी वार्ड नम्बर 11 ग्राम चारामा तहसील के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 08.08.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
चारामा

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में रोपे गए पौधे, साइकिल वितरण भी

## पूर्व राष्ट्रप्रति डाक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 30 जुलाई।** छुरा(तरुण छत्तीसगढ़)::- नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय छुरा में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत व पूर्व राष्ट्रप्रति डाक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर एक पेड़ मां के नाम तथा सरस्वती सायकल योजना के तहत् कक्षा नवमी में नवप्रवेशित छात्राओं को सायकल वितरण किया गया।



जिसमे नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर सेन, विधायक प्रतिनिधि के रूप में सुजल कोठारी, रजनी लहरे पार्षद, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री इमरान मेमन, दिशान चंद्राकर, समाजसेवी शीतल ध्रुव, प्राचार्य एन सी साहू, विनोद कुमार देवांगन, आनंद प्रकाश विश्वकर्मा, टोपेश्वर कुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, कैलाश पटेल, टकेश्वर पाल, मानसिंग मारकंडे, मितेश सीकदर, परागा ध्रुव, आरती बंजारे, गायत्री यदु, देवशरण बघेल, हेमलता कमार तथा अध्यनरत बच्चे उपस्थित रहे।

**कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/सी.एस/2024-25/1736 — जगदलपुर, दिनांक 26/07/2024

**//निविदा आमंत्रण सूचना पत्र//**

जिला चिकित्सालय जगदलपुर जिला बस्तर परिसर में चांदनी चौक कलेक्टर रोड के समीप दुकान नंबर 04 एवं 05 की किराये लीज पर निलामी (बंद लिफाफा पद्धति) से किया जाना है। प्रस्तावक कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के स्टोर कक्ष में 2000/- दो हजार रूपये मात्र निविदा पत्रक मूल्य का नगद भुगतान कर जो कि नॉन रिफन्डेबल है। जमा कर प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालय या जिले की विभागीय वेबसाईट https://bastar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र विक्रय तिथि | :- | 29 जुलाई 2024 (कार्यालयीन समय में) |
| निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | :- | 20 अगस्त 2024 (शाम 05:00 बजे तक) |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :- | 26 अगस्त 2024 (दोपहर 03:00 बजे तक) |
| निविदा खोले जाने की तिथि | :- | 26 अगस्त 2024 (शाम 04:00 बजे) |

(निविदा शर्तों का सही व पूर्णतः अध्ययन कर ही निविदा में भाग लें)

जी-242501413/4

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
महारानी जिला अस्पताल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)

## एक नजर

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 30 जुलाई।** आमानाका और खमतराई थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार उदया सोसायटी टाटीबंध निवासी शुभम पाल 28 वर्ष ने आमानाका थाना में सोसायटी किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 2181 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं खमतराई थाना में प्रार्थी लक्ष्मीकांत तिवारी 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 बीए 0608 को भनपुरी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 17 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नकदी चोरी करने वाली महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 30 जुलाई।** आरडीए कालोनी टिकरापारा में नौकरानी के पैंट के जेब एवं गल्ला में रखे नकदी 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेन्द्र धनगर 31 वर्ष आरडीए कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के घर काम करने वाली नौकरानी रूकमणी वमा 35 वर्ष ने प्रार्थी के पैंट के जेब व गल्ला से नकदी 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सट्टा खेलाते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 30 जुलाई।** गणेश नगर गाडापारा नवापारा में पुलिस सट्टा खिलाते एक सटोरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1065 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस को सूचना मिली कि गणेश नगर गाडापारा में एक युवक सट्टा खिला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अर्जून नायक 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1065 रुपए जब्त किया है।

### सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

**रायपुर, 30 जुलाई।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने फाफाडीह मेन रोड स्थित आर्सन मोटर्स के पास सरेआम शराब पीते आरोपी लोकेश साहू 26 वर्ष, संजु सिह राजपुत 40 वर्ष, राजु सेन 21 वर्ष व महेंद्र मारकण्डे 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी परदेशीराम जायसवाल 45 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी रोशन यादव 29 वर्ष व मेघनाथ साहू 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी राजेश महतो 30 वर्ष व सतेंद्र यादव 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुर्लिस ने आरोपी नारायण यादव 28 वर्ष, सौरव मानिकपुरी 25 वर्ष व आमीर खान 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 30 जुलाई।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 82 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1180 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने ग्राम दोंदेकला चटौद में दबिश देकर आरोपी चंद्रशेखर निषाद 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 320 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी सुशील श्रीवास 34 वर्ष के पास से 50 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम चंदखुरी बस्ती से आरोपी अजय धीवर के पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 420 रुपए जब्त किया है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**रायपुर, 30 जुलाई ।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर आज 29 जुलाई को वन मंत्री श्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में चेन्दरू पार्क, गढ़बेंगाल, नारायणपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत् पौध रोपण किया गया। उदबोधन में श्री कश्यप द्वारा टायगर बॉय चेन्दरू एवं वनों की सुरक्षा, संवर्धन तथा वन्यप्राणियों की रक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। अंत में चेन्दरू के परिवार का सम्मान किया गया। स्कूली स्तर में चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, संयुक्त वन प्रबंधन समिति सदस्य, स्कूली बच्चे, मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त, कांकेर, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, जिला नारायणपुर, जिला स्तरीय अधिकारी तथा नारायणपुर वनमण्डल के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवा रायपुर शिफ्ट होंगे मंत्री नेताम व बघेल

**रायपुर 30 जुलाई ।** नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मुख्यमंत्री और मंत्री निवास बनकर लगभग तैयार हो चुके हैं। मंत्री रामविचार नेताम 31 जुलाई को नवा रायपुर के सरकारी बंगले में गृहप्रवेश करेंगे। साथ ही नवा रायपुर में मंत्री बंगले में शिफ्टिंग शुरू हो जाएगी। संपदा विभाग ने यहां पर तीन मंत्रियों रामविचार नेताम, दयालदास बघेल और लक्ष्मी राजवाड़े को बंगला आवंटित किया है। श्री नेताम के यहां शिफ्ट होने के बाद मंत्री दयालदास बघेल ने नवा रायपुर में शिफ्टिंग की इच्छा जताई है। फिलहाल श्री नेताम मौलश्री विहार में अपने निजी आवास में रह रहे हैं।



नवा रायपुर में मुख्यमंत्री निवास बनकर तैयार है, इसके पास ही मंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्ष का बंगला भी तैयार किया गया है। कुल मिलाकर 14 बंगलों का निर्माण किया गया है। नई सरकार बनने के बाद सीएम तथा मंत्रियों के यहां पर शिफ्ट होने की चर्चा थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से यहां पर शिफ्टिंग नहीं हो पाई। अब मंत्री श्री नेताम के नवा रायपुर में शिफ्टिंग के बाद यहां के बंगले आबाद होने शुरू होंगे। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मंत्रियों के सभी बंगले 22 एकड़ में बने हैं। निवास और कार्यालय की व्यवस्था अलग- अलग है। सुरक्षा व्यवस्था का रिव्यू करने के बाद अन्य मंत्री भी यहां पर आने को तैयार होंगे।

**अगले साल तक बढ़ेगी बसाहट :** सेक्टर-24 में राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्रियों के आवास गृह और वरिष्ठ अधिकारियों के आवासीय परिसर का निर्माण 591.75 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। प्लान के मुताबिक, राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्री परिषद के सदस्यों के आवास और वरिष्ठ अधिकारियों के आवास नवा रायपुर में तैयार होने से यहां पर बसाहट अगले साल तक बढ़ेगी। यहां अफसरों के लिए सेक्टर-18 में ऐसे 78 बंगले भी तैयार हो रहे हैं। यहां पर विधानसभा भवन का निर्माण जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यहां पर विधानसभा के अफसर और कर्मियों के लिए भी आवासीय परिसर तैयार करने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

# हिन्दी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



**रायपुर 30 जुलाई।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वृन्दावन सभागार, रायपुर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में अपनी शाला में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को स्वर्गीय श्रीमती टी. कृष्णावेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. मृणालिका ओझा ने नारायणी साहित्य संस्थान एवं श्रीमती अनीता अग्रवाल ने चरामेति फाउंडेशन के कार्यों एवं उद्देश्यों का परिचय दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. वर्षा वरवंडकर, अध्यक्ष डॉ. मंजुला श्रीवास्तव एवं विशिष्ठ अतिथि श्रीमती टी. नागमणि ने अपने संबोधन में छात्रों को अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ होने हेतु संकल्प लेकर सतत प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र ओझा ने बताया है कि इस सम्मान कार्यक्रम में न केवल रायपुर अपितु भिलाई, तिल्दा, पलारी, बलौदा बाजार जैसे दूरस्थ शहरों के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के हिन्दी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ ही 80-85 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र भी सम्मानित हुए। कार्यक्रम के प्रायोजक टी. राम प्रसाद राव ने सम्मानित छात्रों को बधाई देते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# बिजली दर की बढ़ोतरी के विरोध में 200 फैक्ट्रियां बंद

## कांग्रेस ने दिया समर्थन




**रायपुर 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार के बिजली के दामों में बढ़ोतरी का विरोध उद्योगपतियों ने अपनी फैक्ट्रियों पर ताला लगाकर किया है। उद्योगपतियों के समर्थन में कांग्रेस ने बिजली दफ्तर के बाहर बिजली बिल जलाकर प्रदर्शन कियाछत्तीसगढ़ में बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में उद्योगपतियों ने सोमवार रात 12 बजे से 200 फैक्ट्रियों पर ताला लगा दिया है। उद्योगपतियों का कहना है कि जब तक बिजली की कीमतें कम नहीं की जातीं, प्रोडक्शन दोबारा शुरू नहीं होगा। कांग्रेस ने उद्योगपतियों के आंदोलन को समर्थन दिया है। इसको लेकर रायपुर में बिजली बिल जलाकर सरकार के फैसले का विरोध किया है।

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने विरोध कर रहे सभी उद्योगपतियों को समर्थन दिया है। कांग्रेस ने उद्योगपतियों के आंदोलन में उनके साथ खड़े होने की बात की है। युवा कांग्रेस ने सरकार के फैसले के विरोध में रायपुर के बूढ़ा तालाब पर बने बिजली दफ्तर के बाहर बिजली बिल जलाकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार अपने फैसले को वापस ले।

# डीए और एरियर्स के लिए अगस्त क्रांति का ऐलान

**■ मशाल रैली के बाद कर्मचारी लेंगे एक दिन की छुट्टी**

**रायपुर, 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लेकर रहिबो लेकर रहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो अब नई सहिबो अब नई सहिबो मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ अगस्त क्रांति का एलान कर दिया है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लेकर रहिबो लेकर रहिबो,मोदी की गारंटी लेकर रहिबो अब नई सहिबो अब नई सहिबो मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ अगस्त क्रांति का एलान कर दिया है। संयोजक कमल वर्मा, सचिव राजेश चटर्जी एवं प्रवक्ता द्वय आर चंद्रा तथा चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि 6 अगस्त 24 को इंद्रावती भवन (संचालनालय) से महानदी भवन (मंत्रालय) तक दोपहर 2 बजे से मशाल रैली आयोजित कर फेडरेशन प्रदर्शन करेगा। मशाल रैली में फेडरेशन के घटक संगठनों के प्रांताध्यक्ष एवं संभाग तथा जिला संयोजक पदाधिकारियों सहित भाग लेंगे। फेडरेशन ने चार स्तरीय आंदोलन का घोषणा किया है। प्रथम चरण में 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक मशाल रैली प्रदर्शन,द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त तक सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन,तृतीय चरण में 11 सितंबर को जिला/ब्लॉक/तहसीलों में मशाल रैली का आयोजन एवं चौथे चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन होगा। यदि सरकार ने कर्मचारियों के हित को नजरअंदाज किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 त्न वृद्धि कर साथ 50 त्न डी ए स्वीकृत करने; प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने;भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिये जाने;केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता;भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने के मुद्दा शामिल है।

फेडरेशन के बैठक में बी पी शर्मा,युधेश्वर सिंह ठाकुर,सतीश मिश्रा, मूलचंद शर्मा,आर के रिछारिया,रोहित तिवारी,पंकज पाण्डेय,डॉ दिलीप झा,विजय लहरे,सत्येन्द्र देवांगन,ऋतु परिहार,जय कुमार साहू,योगेश चौरे,अश्वनी चेलक,डॉ अशोक पटेल,ईश्वर चंद्राकर,सुमन शर्मा,डॉ सविनाश लाल,प्रकाश ठाकुर, प्रदीप वर्मा,डॉ जी के देशमुख,संतोष वर्मा,उमेश मुदलियार,अशोक पाटिल, जगदीप बजाज,दानेश्वर साहू,सोनाली तिड़के, संदीप शर्मा,आलोक नगपुरे,कमलेश बिसेन,लोकेश वर्मा,सुनील यादव,संजीत शर्मा,सतीश तिवारी,उमा शर्मा,विजय राव, संजय शर्मा,मनोज साहू,पोषण वर्मा प्रकाश ठाकुर, हेमंत साहू,डॉ विनीता ध्रुवे,डॉ पंकज वर्मा सहित भारी संख्या में घाटक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 551.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर 30 जुलाई।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 551.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 30 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1325.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 205.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 333.2 मिमी, बलरामपुर में 468.9 मिमी, जशपुर में 362.8 मिमी, कोरिया में 346.7 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 372.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 479.2 मिमी, बलौदाबाजार में 630.7 मिमी, गरियाबंद में 614.5 मिमी, महासमुंद में 432.8 मिमी, धमतरी में 626.7 मिमी, बिलासपुर में 537.5 मिमी, मुंगेली में 561.0 मिमी, रायगढ़ में 417.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 253.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 499.1 मिमी, सक्ती में 380.4 कोरबा में 618.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 491.3 मिमी, दुर्ग में 352.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 454.0 मिमी, राजनांदगांव में 638.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 733.4 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 424.2 मिमी, बालोद में 722.9 मिमी, बेमेतरा में 344.8 मिमी, बस्तर में 673.6 मिमी, कोण्डागांव में 652.3 मिमी, कांकेर में 845.2 मिमी, नारायणपुर में 727.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 771.6 मिमी और सुकमा जिले में 895.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## एबीवीपी ने आरआईटीईई महाविद्यालय में विद्यार्थियों से दो सेमेस्टर की फीस एक साथ लेने का किया विरोध

**■ विद्यार्थी परिषद ने मांग पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कही**

**रायपुर, 30 जुलाई।** एबीवीपी ने आरआईटीईई महाविद्यालय में विद्यार्थियों से दो सेमेस्टर का एक साथ फीस वसूलने का विरोध करते हुए कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि महाविद्यालय विद्यार्थियों से फीस समय पर चुकाने के बाद भी विद्यार्थियों से दो सेमेस्टर का फीस एक साथ लिया जा रहा है,जबकि बहुत से विद्यार्थी स्कॉलरशिप वाले है और स्कॉलरशिप आने से पहले किसी भी हालत में फीस देने में असमर्थ है, फिर भी महाविद्यालय विद्यार्थियों को दो सेमेस्टर का फीस वसूलने के लिए अनावश्यक रूप से बाध्य कर रहा है और उनको इंटर्नशिप में नही जाने मिलेगा,इस प्रकार से धमकी दे रहा है यह किसी भी तर्कसंगत में उचित नहीं है । तथा विद्यार्थी परिषद यह मांग कि, शीघ्र अति शीघ्र विद्यार्थियों से जो दो सेमेस्टर की फीस लिया जा रहा है,वो न लिया जाए। साथी महाविद्यालय द्वारा छात्रों को बैंक लोन में धकेला जा रहा था चुकी छात्र स्कॉलरशिप के तहत पढ़ाई कर रहे हैं वह बैंक का 5 किस्त देने में असमर्थ है।

एबीवीपी की कहना है कि आये दिन नए नए नियम लागू कर रहे हैं जो की छात्र / छात्रा के लिए उचित नही है।

कॉलेज वाले को एनएसीसी के द्वारा ए प्लस मिला हैं तो वो हर साल छात्रा से 1000 रूपये मांगती आ रही है, मतलब ए प्लस मिला कॉलेज वालों को फायदा हुआ लेकिन उसका भुगतान हम छात्रा क्यों करें।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के नाम पे कॉलेज वाले छात्रों से 2500 रूप्ये ले रही है और इससे कुछ भी फायदा छात्राओं को नही हुआ हैं।

विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय ने मांग पूरी न होने पर विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कही है और कहा है कि इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। जिसे देखते जिसे देखते हुए महाविद्यालय प्रशासन 3 दिन के अंदर विद्यार्थियों की समस्याओं का निवारण करने का लिखित रूप से आश्वासन दिया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश तकनीकी प्रमुख रोहन सिन्हा ने बताया कि छात्रों से अवैध वसूली की जा रही थी जिसमें दो सेमेस्टर का फीस एक साथ लिया जा रहा था साथ ही छात्रों को बैंक लोन में धकेला जा रहा था चुकी कई छात्र ऐसे थे जो की स्कॉलरशिप बेसिस पर एडमिशन हुए थे तो वह छात्र पांच किस्त देने में असमर्थ थी चुकी वह अपने स्कॉलरशिप के भरोसे ही पढ़ रहे हैं तो जिसका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्ण रूप से विरोध करती है।

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी तीन नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर, 30 जुलाई।** राजधानी के आमानाका क्षेत्र में मिली लाश की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान संतोषीनगर निवासी निलेश चंद्राकर के रूप में हुई है जो कि एक ऑटो चालक था। वहीं उसकी हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। नाबालिगों ने शराब पीने के दौरान हुए मामूली विवाद पर निलेश की हत्या कर दी थी।

बता दें कि 16 जुलाई को आमानाका थानाक्षेत्र के कुकुरबेड़ा में एक युवक की लाश मिली थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था वहीं प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत होने पर पुलिस ने सबसे पहले मृतक की पहचान के लिए अभियान चलाया तथा अज्ञात हत्यारों की खोजबीन शुरू कर दी थी। पखवाड़ेभर की सघन जांच के बाद आखिरकार पुलिस ने मृतक की पहचान कर ली। मृतक ही पहचान संतोषी नगर के रहने वाले निलेश चंद्राकर की थी। इसकी जांच में आमानाका पुलिस ने संतोषी नगर से लेकर सरोना तक सैकड़ों सीसीटीवी फूटेज को खंगालते हुए हत्या के आरोपी तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि मृतक निलेश शिवाजी चौक संतोषी नगर का निवासी है। पिता की मृत्यु के बाद वह मां के साथ रहता था। ऑटो रिक्शा चलाता था। 15 की रात वह ऑटो चलाकर घर नहीं लौटा था। तो उसकी मां ने तलाश शुरू की। उधर आमानाका पुलिस को अज्ञात लाश की सूचना मिली थी। इस अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए टीआई ने बताया कि 15 जुलाई की रात निलेश अपने ऑटो के साथ कुकुरबेड़ा निवासी अपने दोस्त लतीश के घर पहुंचा था। आरोपी तीनों नाबालिग भी वहीं रहते थे। लतीश ने इन बच्चों से शराब मंगवाया था। लेकर आने के बाद इन सबकी बहस हुई, और उन बच्चों ने जान लेने की योजना बना ली। विवाद के बाद तो नाबालिग चले गए।

## प्रस्तावित शिवमहापुराण कथा आयोजन को प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

**रायपुर, 30 जुलाई।** मुंगेली जिले के लोरमी में प्रस्तावित पं. प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा कार्यक्रम के लिए प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम के लिए अनुमति मांगी गई थी, लेकिन इस पर लोरमी एसडीएम ने असहमति जताते हुए अस्वीकार कर दिया है। इसके पीछे तर्क दिया गया है कि आयोजन समिति की ओर से पर्याप्त इंतजाम नहीं किया गया था, हालांकि इस बीच आयोजन समिति की तैयारी चल ही रही थी। स्थानीय प्रशासन की ओर से इसके लिए बकायदा 6 विभागों से अभिमत मांगा गया था। इस पर आपत्ति प्राप्त होने पर यह फैसला प्रशासन की ओर से दिया गया है। 2 से 8 अगस्त तक लोरमी में यह कार्यक्रम प्रस्तावित था। समिति की ओर से अध्यक्ष अनिल सलूजा ने अनुमति मांगी थी।

अनिल सलूजा आयोजक अध्यक्ष, लोरमी युवा मण्डल जिला मुंगेली के शिव कथा महापुराण के आयोजन की अनुमति प्रदान करने के आवेदन को अस्वीकार करते हुए इन बिंदुओं पर तर्क दिया है।

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग अभिमत पत्र में स्पष्ट किया है कि

(अ) सभा स्थल का रकबा 4 एकड़ है, जिसमें 4म43560 174240 वर्गफीट/ 6.00 कुल 29040.00 व्यक्ति बैठ सकते है। लगभग 1.50-2.00 लाख व्यक्ति प्रतिदिन आने की संभावना है। इतने जन समूह के लिए प्रस्तावित स्थल अप्रर्याप्त एवं बहुत ही कम है।

(ब) प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल अस्थाई रूप से खेतों को नरम मिट्टी से पाटकर बनाया गया है। पर्याप्त काम्पेक्शन नहीं किया गया है। बड़े डोम का सेल्फवेट बहुत ज्यादा होने से डोम के गिरने की संभावना है, जिससे जनहानि एवं अप्रिय स्थिति हो सकती है।

(स) पर्याप्त ड्रेनेज व्यवस्था नहीं होने के कारण डोम एरिया में पानी भराव होने की संभावना है। सभा स्थल में कीचड़ होने एवं भगदड़ होने की संभावना है।

(द) सभा स्थल कोटा-लोरमी पण्डरिया मार्ग स॥-10 के किनारे स्थित है,जिससे बिना सक्षम प्राधिकारी के अनुमति के बगैर राज्यमार्ग को अवरूध्द नहीं किया जा सकता है।

(ई) सभा स्थल में वीवीआईपी, वीआईपी एवं आम जनता के लिए पर्याप्त प्रवेश एवं निकासी द्वार का स्थान नहीं है। उपरोक्त कारणों से उक्त सभा स्थल आयोजन के लिए उपयुक्त नही है।

सहायक अभियंता (संचा0/संधा0) उपसंभाग लोरमी छग स्टेट पावर डिस्ट्री कंपनी ने अभिमत प्रेषित कर स्पष्ट किया है कि वर्षाॠतु के दौरान खरीफ फसलों का रोपण एवं आंधी बारिश, आकाशीय बिजली व समस्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की अनुमति प्रदान किया जाना उचित नहीं है। यह अभिमत दिया गया है।

### लाखों की ठगी में शामिल सॉफ्टवेयर इंजीनियर और बैंक अकाउंट सप्लायर गिरफ्तार

**रायपुर, 30 जुलाई।** रायपुर पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रूपयो की ठगी करने के मामले में शामिल सॉफ्टवेयर इंजीनियर और बैंक अकाउंट सप्लायर को दुर्ग से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी टाटीबंध आमानाका रायपुर,में रहने वाले रिटायर्ड सिविल सर्जन डॉक्टर प्रकाश गुप्ता पिता स्वर्गीय राम प्रसादगुप्ता उम्र 66 वर्ष निवासी ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम पर 74.49 लाख रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज कराई थी। मामले में 16 जुलाई को रेंज साइबर थाना रायपुर में धारा 420,34 आईपीसीपंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26